तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार, 24 दिसंबर 2023

10 जिला नागरिक अस्पताल में प्रदूषण पर रोक की कवायद



10 तुलसी दर्शन से पाप नष्टः विनोद



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** उचाना से बड़ौदा गांव के बीच जींद-नरवाना नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। बड़ौदा निवासी महताब ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**गुहला-चीका।** गुहला खरकां रोड पर एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गुरदेव सिंह बुरी तरह से घायल हो गया। गुरदेव सिंह गांव पहाड़पुर का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरदेव सिंह चीका से गांव खरकां की तरफ जा रहा था, परंतु रास्ते में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क के किनारे खड़े एक वृक्ष में जा टकराया, जिसके चलते उसे गहरी चोट लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### युवक पर हमला कर 50 हजार की नगदी छीनी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा और जामनी गांव के कुछ युवकों ने गांव जामनी में शादी समारोह से लौट रहे युवक पर हमला कर मारपीट की और 50 हजार छीन लिए। युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा निवासी अंकुश ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को शिकायत दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख रुपये ठगने के एक मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते आरोपी भरत नगर पेहवा निवासी विक्रमजीत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैलरम गांव निवासी शिव कुमार शिकायत दी थी ।

### हथियारों के साथ पोस्ट डालने पर दो नामजद

**जींद।** जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट डालने पर दो युवकों के खिलाफ आईटी एक्ट और असलहा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर मनदीप काकड़ोदिया के नाम से आईडी बनी हुई है और इस पर हथियारों के साथ फोटो और वीडियो बनाकर डाली गई हैं।

### बुलेट बाइक चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बुलेट बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गांव सिसमोर निवासी आर्यन उर्फ मोंटी को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि माता गेट कैथल निवासी सतनाम की शिकायत अनुसार पांच दिसंबर की शाम अमरगढ़ गामड़ी स्थित उसके ऑफिस के पास से उसकी बुलेट बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था।

### चोरी के सामान के साथ युवक दबोचा

**जींद।** गांव बरसोला में ग्रामीणों ने एक युवक को चोरी के सामान के साथ काबू कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।गांव बरसोला निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत से सबमर्सिबल की मोटर चोरी हो गई थी। उन्हें पता चला कि रेलवे फाटक के पास एक चोर पकड़ा गया है।

### सीआईए-1 पुलिस ने सटोरिया पकड़ा

**कैथल।** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते सीआईए-1 पुलिस ने एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एएसआई धर्म सिंह व एचसी राजेश कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की ।

### रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से दूरी होने के कारण बहुत कम पहुंच रहे लोग

# मुसाफिरों की पहुंच से दूर जींद का रैन बसेरा

## वर्ष 2014 में 50 लाख की लागत से पालिका बाजार में बनाया था रैन बसेरा, 50 मुसाफिरों के ठहरने की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शीत लहर का कहर शुरू हो चुका है। हाड कंपकपा देने वाली कडाके ठंड शुरू हो चुकी है। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री के आसपास घूम रहा है। बावजूद इसके मुसाफिरों को रैन बसेरा रास नही आ रहा है। जिसके पीछे मुख्य वजह रैन बसेरा की बस अड्डे और रेलवे जंक्शन से काफी दूर है। जिसकी वजह से यात्री रैन बसेरा में आने से परहेज कर रहे हैं। इसके अलावा मुसाफिरों को रैन बसेरा के बारे में 'यादा जानकारी भी नही है। जिसके चलते मुसाफिर रैन बसेरा का फायदा नही उठा पा रहे है। पिछले नौ सालों के दौरान 3998 मुसाफिरों ने रैन बसेरा का सहारा लिया। वर्ष 2023 दिसंबर तक 87 मुसाफिर रैन बसेरे में ठहर चुके हैं। रैन बसेरे में रूकने वाले प्रत्येक व्यक्ति से नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा दो आईडी ली जाती हैं। इसके बाद ही मुसाफिरों को रूकने की इजाजत दी जाती है। वर्ष 2014 में नगर परिषद ने शहर में पालिका बाजार के निकट रैन बसेरा के निर्माण किया था। जिस पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आई थी। मुसाफिरों के लिए आठ कमरों का निर्माण किया गया है। जिसमें चार पुरूषों के लिए तथा चार महिलाओं के लिए कमरे बनाए गए हैं। जिसका क्षमता 50 मुसाफिरों की है। सर्दियों में गर्म पानी तथा बिस्तरों का प्रबंध भी यहां पर किया गया है। रैन बसेरा बस अड्डे से लगभग अढाई किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा रेलवे जंक्शन की बात की जाए तो यह रेलवे जंक्शन से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके चलते जींद में रैन बसेरे को मुसाफिरों नहीं मिल पा रहे हैं। नगर परिषद ने रैन बसेरे की देखरेख के लिए कर्मचारियों को नियुक्त किया हुआ है। दिन के समय में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी रैन बसेरे की सफाई करते हैं तो रात के समय में चौकीदार रैन बसेरे को संभालता है। 26 दिसंबर 2014 से 23 दिसंबर 2023 तक की बात की जाए तो अब तक 3998 मुसाफिरों ने इस रैन बसेरे का फायदा उठाया। रैन बसेरा खुलने का समय नगर परिषद ने सायं पांच से सुबह सात बजे तक निर्धारित किया हुआ है। जींद में रेलवे स्टेशन के पास कोई अस्थायी रैन बसेरा नही है। रात के समय में ट्रेनों से आने वाले लोगों को रेलवे स्टेशन पर ही रात बितानी पड़ती है। सुबह होने पर लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना होते हैं। हालांकि नरवाना में दो जगह पर अस्थायी रैन बसेरे बनाए गए हैं। जींद से दिल्ली और पंजाब के कनैक्ट होने के कारण ट्रेनों से सैकड़ों मुसाफिर जींद पहुंचते हैं। धान की रोपाई और कटाई के समय में भारी संख्या में लोग दूसरे राज्यों से जींद आते हैं और रोजगार की तलाश करते हैं। रेलवे स्टेशन के आसपास कोई अस्थायी रैन बसेरा नहीं होने से यह लोग रेलवे स्टेशन पर या यहां बने रिजर्वेशन केंद्र में रात गुजारते नजर आते हैं।



जींद। नगर परिषद द्वारा बनाए गए रैन बसेरा में व्यवस्थित बैड। *फोटो :हरिभूमि*



रात के समय दिखाई देता नप द्वारा पालिका बाजार में बनाया गया रैन बसेरा।



दिन के समय दिखाई देता नगर परिषद द्वारा पालिका बाजार में बनाया गया रैन बसेरा।

### तमाम सुविधाएं उपलब्धः डांगी

नगर परिषद के सचिव तथा कार्यवाहक ईओ अशोक डांगी ने बताया कि रैन बसेरे में मुसाफिरों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कडाके की सर्दी का दौर शुरू हो चुका है। लोग सड़कों की बजाय रैन बसेरे में रात गुजार सकते हैं। यहां पर रूकने के लिए किसी प्रकार का कोई चार्ज किसी भी मुसाफिर से नही लिया जाता। सुरक्षा की दृष्टि से भी रैन बसेरा काफी सुरक्षित है।

### ज्यादा लोग उठा रहे फायदा

सर्दी का मौसम शुरू होते ही रैन बसेरा में ज्यादा मुसाफिर रूकते हैं। नगर परिषद द्वारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए हर प्रकार का सामान यहां पर मुफ्त में मुहैया करवाई गई है। गर्मी के मौसम में लोगों को गर्मी से बचाने के लिए हर तरह का इंतजाम किया गया है। सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े, अलाव व अन्य सामान यहां उपलब्ध है। गर्मी के मौसम में ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर है।

### रेलवे स्टेशन व बस अड्डे से दूरी अधिक

रैन बसरे में लोगों का कम ठहराव के बारे मे मुख्य वजह रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डे से दूरी होना है। बस अड्डा तथा रेलवे जंक्शन से रैन बसेरा तक का किराया 20 रुपये दिन का है। जबकि रात के समय यह दोगुना हो जाता है। अलसुबह रैन बसेरा से बस अड्डा तथा रेलवे जंक्शन पहुंचने के लिए कोई साधन भी उपलब्ध नही होता है।

### काफी सुरक्षित

रैन बसेरा में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिसमें सोने के लिए गर्म कंबल, गद्दे, तकिया मिला है। गर्म पानी के लिए गीजर की व्यवस्था बाथरूम में है। टायलेट भी साफ सुथरे हैं। रैन बसेरा सीसी टीवी कैमरे के दायरे में है। महिलाओं के लिए अलग कमरे तथा टॉयलेट व बाथरूमों की सुविधा है। सुरक्षा की दृष्टि से रैन बसेरा काफी सुरक्षित है। रैन बसेरा में रहने के लिए सिर्फ आईडी की जरूरत है। जिसकी कापी उन्होंने केयर टेकर के पास जमा कर दी है।

# समस्याओं का हल करने के निर्देश

- अधिकारियों के साथ दौरा कर सीवरेज बिछानें के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हलके के विधायक रणधीर सिंह गोलन ने पूंडरी चीमा कालोनी में अधिकारियों के साथ दौरा कर सीवरेज बिछानें के निर्देश दिए। विधायक गोलन ने कहा कि भरसक प्रयासों के बावजूद इस सीवरेज की योजना को मैनें मंजूर करवाया है। कई बार अड़चने आई पर मैं काम करवाकर ही दम लेता हूं। उन्होंने बताया कि मुझे इस बात में संतुष्टि महसूस होती है कि मैं अपने हलके के लिए सबसे ज्यादा काम करवाने में सफल हुआ हूं और मेरी जनता को भी इस बात में फक्र महसूस होता है कि पूंडरी हल्के का नेतृत्व अब मेहनती और मजबूत हाथों में है। गोलन ने बताया कि मुझे मेरे पूंडरी हलका वासियों के लिए काम करनें में आनंद मिलता है और बिना थके आगे भी इस तरक्की के क्रम को निरंतर जारी रखूंगा। आपको बताते चलें कि कल ही विधायक गोलन द्वारा फतेहपुर गांव में सीवरेज और पानी की लाइन के लिए कार्य का शुभारंभ किया था। आज विधायक नें पब्लिक हल्थ के अधिकारियों को साथ लेकर कालोनी का दौरा करवाया।



चीमा कालोनी में अधिकारियों के साथ दौरे के दौरान विधायक रणधीर गोलन ।

# धुंध व कोहरे ने किया जनजीवन अस्त-व्यस्त

- तापमान लुढका, कडाके की ठंड ने किया आमजन को परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्दी के मौसम की घनी धुंध ने शनिवार को जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। घनी धुंध के चलते यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। हालांकि दोपहर को धुंध का असर कम हुआ और धूप खिली तो कुछ राहत मिली। तापमान के लुढकने के चलते दिनभर कंपकंपी छुटती रही। तापमान में गिरावट तथा धुंध को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया गया। दृश्यता सिमट कर पांच मीटर रह गई। जबकि मौसम में आर्दता 50 प्रतिशत और हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार ठंड ओर बढेगी साथ ही तापमान में भी गिरावट आएगी। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों का सलाह दी है कि वे फसलों में शाम को हल्की सिंचाई अवश्य करें। शनिवार को सुबह की शुरूआत घनी धुंध के साथ हुई। सडकों पर वाहनों को एक दूसरे के पीछे लाइट जलाकर रेंगते देखा गया। यातायात के साधन देरी से निकले और देरी से ही अपने गंतव्य पर पहुंचे। सड़क किनारे घनी धुंध व कोहरे के बीच छात्रों को भी ठिठुरते देखा गया।



शहर में सुबह के समय छाई धुंध।

### फसलों के लिए फायदेमंद

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धुंध तथा ठंड फसलों के लिए फायदेमंद है। जिससे फसलों को अच्छी ग्रोथ मिलेगी और फुटाव भी होगा। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे तापमान में गिरावट व ठंड को देखते हुए खेतों में शाम को हल्की सिंचाई जरूर करें। इसके अलावा खेतों में खाद का भी प्रयोग करें। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पहाडो में हुई बर्फबारी के कारण तापमान में ओर गिरावट आएगी। जिसके साथ कडाके की ठंड ओर बढ़ेगी। किसान शाम को अपनी फसलों में सिंचाई अवश्य करें।



राजौंद। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मैनेजमेंट व प्राचार्य।

### राजौंदः एथलीट मीट में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**राजौंद।** नगर के एम डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एथलीट मीट के दूसरे दिन अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।जिसमें जूनियर सब जूनियर और सीनियर स्टूडेंट्स ने भाग लिया। लड़कियों ने तीनों कैटेगरी में भाग लिया। जिसमें भगत हाऊस के बच्चों ने तीनों कैटेगरी में प्रथम पोजीशन प्राप्त की। चंद्रशेखर हाउस के बच्चों ने रस्सा कशी में पहला स्थान प्राप्त किया। जूनियर में राजगुरु हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रिले रेस में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पाल सिंह मौन ने शिरकत की और उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को खेलों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वेद प्रकाश, संस्था के ओनर धीरज चहल, प्रधानाचार्य राजेश कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# नागरिक अस्पताल में बंदरों का आतंक

- शिकायत पत्र का 21वीं बार भेजा रिमाइंडर, अभी तक समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बंदरों के आतंक से हर कोई परेशान है। अस्पताल की पुराने व नए भवन में हर समय बंदरों का झुंड रहता है, जिसकी वजह से यहां आने वाले मरीजों को तो परेशानी उठानी पडती है। इसके अलावा अस्पताल स्टाफ व बीमार लोगों को तो हर समय यह डर लगा रहता है कि कहीं कोई बंदर काट न ले। समस्या के समाधान को लेकर नगर परिषद की बेरूखी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अस्पताल में बंदरों के आतंक से निजात दिलवाने को लेकर जो पत्र भेजा गया था, उसका 21वीं बार रिमाइंडर भेजा गया लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने डीसी के नाम लिखे शिकायत पत्र में बताया कि अस्पताल में हर जगह बंदरों का झुंड नजर आता है और कई बार मरीजों को बंदर काट कर घायल भी कर चुके हैं। अस्पताल के कंप्यूटर रिकार्डरूम तक में बंदर कई बार घुस चुके हैं और रिकार्ड को खराब कर चुके हैं। समस्या के समाधान को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया। उनकी मांग है कि अस्पताल से बंदरों को पकड़ कर बीड़ या किसी दूसरे स्थान पर छोड़ा जाए ताकि लोगों को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके। वहीं मरीजों और तीमरदारों द्वारा लाए गए भोजन को बंदर बाइक आदि से निकाल कर ले जाते हैं तो वहीं स्टाफ कर्मियों के बाइक, स्कूटी, गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।





उचाना डॉ. जेके मान औचक निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड की जांच करते हुए।

### निर्धारित समय व ड्रेस कोड में काम करने के आदेश

**उचाना।** नागरिक अस्पताल एसएमओ उचाना डॉ. जेके मान ने एचडब्ल्यूसी पालवां का औचक निरीक्षण किया गया। करसिंधु के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया। छातर गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी डॉ. जेके मान पहुंचे। डॉ.मान के द्वारा बायोमेट्रिक अटेंडेंस मशीन एवं ओपीडी रजिस्ट्रर का निरीक्षण किया। सभी कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए की सभी अपनी डयूटी पर सरकार द्वारा निर्धारित समय एवं ड्रेस कोड में रहकर कार्य करें ताकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं सुचारू रूप से आम जन तक पहुंचाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, निरोगी हरियाणा, आयुष्मान भारत के तहत सरकार द्वारा शुरू की गई सभी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के निर्देश दिए।

### 1515 मोबाइल पहुंचे विभाग के पास, जिलास्तरीय कार्यक्रम में वितरण

# आंगनबाड़ी वर्कर्स-सुपरीवाइजर को मिलेंगे फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत अधिकारियों व आंगनबाड़ी वर्कर्स की स्मार्टफोन की मांग पूरी हो गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सीडीपीओ, आंगनबाड़ी वर्कर व सुपरीवाइजरों को स्मार्ट फोन उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिले में 1515 स्मार्ट फोन पहुंच चुके हैं। इन सभी वर्करों के लिए ब्रांडेड कंपनी के स्मार्ट फोन खरीदे हैं। जल्द ही इन स्मार्ट मोबाइल फोन का वितरण कराया जाएगा। 25 दिसबंर के बाद डीसी व जिला महिला बाल विकास अधिकारी सलोचना कुंडू इनको वितरित करेंगे। इसमें 1433 आंगनबाड़ी वर्कर, 58 सुपरीवाइजर व नौ सीडीपीओ को यह स्मार्ट फोन मिलेंगे। 25 दिसबंर को रा'य स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहां से मुख्यमंत्री इन स्मार्टफोन को इन वर्करों को भेंट करेंगे। इसके बाद जिला स्तर पर डीसी मोहम्मद इमराज रजा के निर्देशानुसार कार्यक्रम कर इनका वितरण किया जाएगा। वर्करों को स्मार्ट फोन मिलने के बाद काम में आसानी होगी। महिलाओं का काम जल्द निपटेगा। पहले इस काम को रजिस्टर में दर्ज करना होता था। बाद में ऑनलाइन किया जाता था। जिसके कारण बहुत 'यादा समय खराब होता था। अब काम में कोई दिक्कत नहीं आएगी, जिससे पारदर्शिता भी बनी रहेगी। जींद में स्मार्ट फोन की डिलीवरी हो चुकी है। संबंधित विभाग अधिकारियों को यह हैंडओवर किया गया।

### जल्द वितरित किया जाएगा



जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुलोचना कुंडू ने कहा कि मुख्यालय से गाइडलाइन मिलने के बाद ही जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर वितरित किया जाएगा। जिले में आंगनबाड़ी वर्कर, सीडीपीओ व सुपरीवाइजरों के लिए 1515 स्मार्ट फोन मुख्यालय की तरफ से पहुंचे हैं। इनको विभाग के रिकार्ड में दर्ज कर लॉकर में रखवाया गया है।

**यह रहेगा कामः** विभाग द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर्स द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सेवाओं राशन किसी का ब्यौरा बच्चों की संख्या, बच्चों का वजन, कुपोषित बच्चों की जानकारी, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर एप, जन्मतिथि समेत कई एप पर काम किया जाएगा। इससे महिलाओं को आसानी होगी। आंगनबाड़ी वर्करों को अभी तक स्मार्ट फोन नहीं दिया गया था लेकिन उन पर ऑनलाइन काम का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके चलते कई कई बार महिलाओं ने विरोध में धरने भी दिए थे, ताकि उनको ऑनलाइन काम के लिए स्मार्ट फोन उपलब्ध करवाए जाएं।

# रेलवे पुलिस ने स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवार्डनों ने संयुक्त रूप से शनिवार को ट्रेनों और प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी भगवानदास के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने यात्रियों के सामान को जांचा वहीं ट्रेनों में भी पूछताछ की। थाना प्रभारी भगवानदास ने कहा कि ट्रेनों या प्लेटफार्मों पर किसी को कोई संदिग्ध बैग या व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत जीआरपी या आरपीएफ को दें। क्योंकि बैग में कोई विस्फोटक सामग्री हो सकती है। इसके अलावा सफर के दौरान कोई अंजान व्यक्ति कोई खाने की चीज दें तो उसे न खाएं। ट्रेन में जांच के दौरान एक बैग से मेडल मिला। पूछताछ करने पर पता चला कि एक लडक्की अहमदाबाद में आयोजित नेशनल स्तर की तलवारबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लौटी है। इस अवसर पर एएसआई कविता, हेड कॉस्टेबल संदीप कौर सहित रेलवार्डन भी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### गांव लोधर में गीता महोत्सव का आयोजन

**उचाना।** लोधर गांव में कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड एवं महर्षि लोमश तीर्थ समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम गुलजार मलिक पहुंचे। यहां पर विभिन्न स्कूलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। गुलजार मलिक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र में गीता का संदेश युद्ध के दौरान अर्जुन को दिया।

### पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह को किया याद

**उचाना।** जजपा पदाधिकारियों द्वारा पूर्व पीएम स्व. चौ. चरण सिंह की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया। डिप्टी सीएम निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि चौ. चरण सिंह, चौ. देवीलाल, दीनबंधू सर छोटूराम ने हमेशा किसान, कमेरे वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। किसान हित को लेकर तीनों हमेशा किसानों की आवाज बने। ऐसे नेताओं के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

### खेल से समर्पण की भावना को बढ़ावा

**जींद।** मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि खेलों का स्थान विद्यालय में शिक्षा प्रक्रिया में एक अनिवार्य साधन है जो छात्रों को सीखने का नया दृष्टि प्रदान करता है। ये विकेंद्रीकरण द्वारा प्रभाव और सहजता का माहौल बनाएं रखता हैं जिससे छात्रा अपनी सोचने की क्षमता में सुधार करते हैं। विद्यालयों में खेलों का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं हैए बल्कि ये एक शिक्षात्मक साधन भी हैं।

### दो दर्जन परिवार भाजपा में शामिल

**उचाना।** पालवां गांव में उस समय भाजपा को बड़ी सफलता मिली जब पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की अगुवाई में जजपा के युवा नेता एवं खरकभूरा जोन प्रभारी पद पर रहे कर्मपाल पालवां सहित दो दर्जन परिवारों ने भाजपा में आस्था व्यक्त की। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी को पूरा सम्मान दिया जाएगा। हर कार्यकर्ता उनके लिए परिवार के सदस्य की तरह है।

### राज्य स्तरीय समारोह पंचकूला में पच्चीस को

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज का राज्य स्तरीय समारोह 25 दिसंबर को अग्रसेन भवन सेक्टर 16 पंचकूला में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में अग्र भजन संध्या, महाराजा अग्रसेन अभिषेक एवं 56 भोग उत्सव आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समारोह में जींद से भी अग्रवाल संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे।

### जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**उचाना।** महर्षि लोमश वमावि लोधर के छात्रों द्वारा एकत्रित किए वस्त्रों को निक्की योजना के तहत वितरित किया। हर साल की तरह इस साल भी तीन हजार वस्त्र ईंट-भट्ठों एवं रेलवे स्टेशनों पर जाकर जरूरमंदों को ये वस्त्र बांटे गए। स्कूल संचालक गजे सिंह गिल ने स्कूल से वस्त्रों से भरी गाड़ी को रवाना किया। गिल ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में स्कूल के विद्यार्थी हर साल ये गर्म कपड़े बांटने का कार्य करते है।

### प्रदेश में दो लाख से अधिक पद रिक्त

**उचाना।** देश, प्रदेश में निरंतर बेरोजगारी बढ़ रही है। प्रदेश में दो लाख से अधिक पद रिक्त है। बेरोजगारी मुद्दे पर भाजपा, जजपा नेता कोई जबाव नहीं दे पा रहे है। आज बेरोजगारी का मुद्दा सबसे बड़ा है। रोजगार न मिलने से युवाओं के गलत रास्ते पर चलने का डर बना हुआ है। प्रदेश का युवा बेरोजगार होने से अपराध की तरफ बढ़ने लगा है।

### डीपीएस में गीता श्लोकों का उच्चारण

**जींद।** डीपीएस में शनिवार को गीता जयंती के पावन अवसर पर एक साथ गीता पाठ कार्यक्रम के तहत श्रीमद्भगवद् गीता के प्रथम, मध्य और अंतिम श्लोक का सामूहिक उच्चारण किया गया। इस श्लोक गायन गतिविधि में कक्षा प्रथम से 12वीं तक के सभी विद्यार्थी, सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## अब जनरेटर सेट में वायु प्रदूषण न फैलाने वाले उपकरण फिट किए जाएंगे

# जिला नागरिक अस्पताल में प्रदूषण पर रोक की कवायद

केंद्र सरकार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जींद नागरिक अस्पताल पहुंची टीम, वायु प्रदूषण फैलाने का कारण बने जनरेटर सेट में लगे उपकरणों की सूची तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिनोंदिन बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की कवायद के तहत केंद्र सरकार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से टीम प्रदेशभर के नागरिक अस्पतालों का दौरान कर रही है। इसी के तहत टीम ने नागरिक अस्पताल का दौरा किया। टीम ने यहां जनरेटर सेट में लगे उपकरणों को जांचने का काम किया जो वायु प्रदूषण फैलाने के कारक बनते हैं। यहां टीम ने जनरेटर सेट में लगे उपकरणों की सूची तैयार की। टीम द्वारा अब इन उपकरणों के आधार पर जनरेटर सेट में ऐसे उपकरण फिट किए जाएंगे जिससे वायु प्रदूषण न फैले।



**जींद।** जनरेटर सेट से उपकरणों की सूची तैयार करते रितेश प्रसाद गुरंग।

### एयर क्वालिटी इंडेक्स

0-50 स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा, 51-100 संतोषजनक (संवेदनशील लोगों को सांस लेने में मामूली तकलीफ), 101-200 संतुलित (फेफड़े, दमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सांस लेने में तकलीफ ), 201-300 पूअर (लंबे समय तक एक्सपोजर पर 'यादातर लोगों को सांस लेने में तकलीफ ), 301-400 वैरी पूअर (लंबे समय तक एक्सपोजर पर सांस की बीमारी होने का खतरा), 400-500 बेहद गंभीर जो स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित करता है और सांस की बीमारियों वाले लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

### जल्द जनरेटर सेटों में लगेंगे नए उपकरण : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि केंद्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रितेश प्रसाद गुरंग अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने दोनों जनरेटर सेटों में लगे उपकरणों की सूची तैयार की है। इन जनरेटर सेटों में ऐसे उपकरण लगाए जाएंगे जिससे वायु प्रदूषण न हो।

### जिले में प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रैप किया लागू

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हरियाणा के 22 में से 14 जिले जींद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, चरखी-दादरी, झ'जर, करनाल, रेवाड़ी, पानीपत, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, रोहतक और सोनीपत एनसीआर में शामिल हैं। इन जिलों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के नियम लागू हो गए हैं। इसके तहत एनसीआर के इन 14 जिलों में जेनरेटर नहीं चलाये जा सकेंगे। केवल आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, मेडिकल उपकरण चलाने वाले संस्थान, सेना से संबंधित कार्योर् और इमरजेंसी की स्थिति में ही जेनरेटर चलाने की इजाजत होगी। जहां पर पीएनजी की लाइन बिछ चुकी है वहां पर कोयला, डीजल व जेनरेटर पर आधारित उद्योग नहीं चल सकेंगे। जहां पीएनजी की लाइन नहीं बिछ पाई है वहां एक जनवरी 2024 से यह नियम लागू होगा। ग्रैप के तहत निर्देशित किया गया है कि एनसीआर में पेट्रोल के बीएस-3 और डीजल के बीएस-4 चार पहिया वाहन स्टेज तीन लागू होने के बाद कतई नहीं चलें या वायु गुणवत्ता सूचकांक के गंभीर श्रेणी में पहुंचते ही इन पर सख्ती से रोक लगा दी जाएगी। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के नियम लागू होने से एनसीआर के उद्यमियों को आने वाली बिजली संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए सरकार ने एक्शन प्लान तैयार किया गया है।

### केंद्र प्रदूषण बोर्ड की टीम पहुंची जींद अस्पताल

केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड से रितेश प्रसाद गुरंग नागरिक अस्पताल पहुंचे और यहां मौजूद जनरेटर सेटों की जानकारी हासिल की। जनरेटर सेटों में लगे उपकरणों की जांच की जो वायु प्रदूषण के कारक बनते हैं। रितेश प्रसाद गुरंग ने जनरेटर सेट में लगाए गए उपकरणों की सूची तैयार की। जिसे मुख्यालय अधिकारियों से अवगत करवाया जाएगा। इसके बाद इन जनरेटर सेटों से ऐसे उपकरण लगाए जाएंगे जिससे कि वायु प्रदूषण न हो।

### जींद अस्पताल में दो बड़े जनरेटर सेट

जिला मुख्यालय सिथत नागरिक अस्तपाल को होट लाइन से जोड़ा गया है। इसके अलावा अस्पताल में अगर बिजली गुल हो जाए और किसी तरह की कोई परेशानी न आए, इसके लिए दो बड़े जनरेटर सेट लगा गए हैं। एक जनरेटर सेट को पुरानी बिल्डिंग के पास लगाया गया है तो दूसरे जनरेटर सेट को नई बिल्डिंग के पास स्थापित किया गया है। इन जनरेटर सेटों से अस्पताल की दोनों बिल्डिंगों में बिजली सप्लाई की जाती है। जनरेटर सेट चलने से कई बार वायु प्रदूषण भी होता है।


**जींद।** बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## गीता जयंती महोत्सव के लिए बस को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर के वार्ड 18, 26 व 31 से निशुल्क बसों मे सैंकड़ों माताओं व बहनों को वरिष्ट समाजसेवी बलजीत रेढ़ू ने हरी झंडी दिखाकर कुरुक्षेत्र गीता जयंती मोहत्सव व ऐतिहासिक स्थल भ्रमण के लिए रवाना किया और उनकी सुखद यात्रा की कामना की।

इस नेक कार्य मे उनका साथ देने के लिए वार्ड 18, 26 व 31 से जयभगवान, रणधीर यादव, सुखविंदर यादव, रामकुमार और अन्य साथियों ने उनका हौंसला बढाया। इस मोके पर बलजीत रेढ़ू ने वार्ड 18, 26 व 31 में समस्याओं को लेकर चर्चा की और वार्ड की समस्याओ के बारे में जानकारी अर्जित की और समस्याओं के समाधान के लिए मंथन किया। मौके पर मौजूद सभी वार्डवासियों ने वरिष्ट समाजसेवी बलजीत रेढ़ू के द्वारा संचालित बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा और शहर मे चल रही फ्री जल सेवा की सरहाना की।

### इतना टुटा हूं कि छुने से बिखर जाऊंगा



**जींद।** एक्टिव थियेटर एंड वैलफेयर सोसायटी द्वारा शाम-ए-गजल का आयोजन डा. हुकम चंद मेहता के निर्देशन में किया। शुभारंभ मुख्यअतिथि डा. राजेश गर्ग, सुभाष श्योराण, डा. रमेंद्र, डा. अनिल जैन, डा. सुरेश जैन, अजेश जैन, डा. दलजीत बिसला, डा. डीपी जैन, राकेश गुप्ता, नरेश सिंगला, सुरेंद्र सैनी, रंगकर्मी रमेश भनवाला, प्रवीण दुग्गल ने द्वीप प्र'जवलित करके किया। गजल सम्राट डा. हुकम चंद मेहता रोहतक ने अपनी गजल गायकी से श्रोताओं को मद-मस्त कर दिया। इतना टुटा हूं कि छुने से बिखर जाऊंगा, अब अगर और दुआ दोगे तो मर जाऊंगा, दूसरी गजल बेचैन बहोत फिर ना घबराए हुए रहना, इक आग से ज'बो की दहकाए हुए रहना। तीसरी गजल ये पागल दिल मेरा क्यू बुझ गया आवारगी, इस शहर में एक दस्त था वो क्या हुआ आवारगी, चौथी गजल हंगामा है क्यू बरपा, थोड़ी से जो पी ली है, डाका तो नहीं डाला चोरी तो नही की है।

## पं.राम प्रसाद बिस्मिल को किया याद

- स्वामी श्रद्धानंद व पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस वह पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धर्मपाल आर्य ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान चंद्रकांत आर्य ने की। कार्यक्रम का शुभांरभ यज्ञ हवन के साथ पुरोहित मिथिलेश शास्त्री के द्वारा की गई। आर्य वमावि के छात्रों व आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने भाषण और गीतों के माध्यम से स्वामी श्रद्धानंद और राम प्रसाद बिस्मिल के के योगदान के बारे में प्रकाश डाला। दोनों विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। धर्मपाल आर्य ने अपने भजन के माध्यम से शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में प्रो.जयपाल आर्य समाज के विचारों को अनुसरण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने वक्तव्य में कहा कि यदि हमें स्वस्थ जीवन जीना है तो प्रकृति के सानिध्य में रहना पड़ेगा और पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ना पड़ेगा। प्राचार्य मनोज कुमार ने भी शहीदों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में वेदपाल आर्य, तेजपाल आर्य, किताब सिंह आर्य, ललित आर्य, प्रोफेसर जयपाल आर्य, सतीश आर्य, ताराचंद आर्य, धर्मपाल आर्य, राजवीर आर्य, बाबूराम आर्य आदि मौजूद रहे।


**जींद।** कार्यक्रम के दौरान हवन यज्ञ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### संन्यास के फैसले पर पुर्नविचार करें खिलाड़ी

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने महिला पहलवान साक्षी मलिक द्वारा खेलों से संन्यास लेने पर दुख व्यक्त किया है। यही नही बजरंग पूनिया पहलवान भी देश के गौरव हैं, उन्होंने ने भी अपना पद्मश्री पुरस्कार लोटा दिया है। जिससे खापों को ठेस पहुंची है। पहलवानों को समर्थन करते हुए माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू ने पहलवान बच्चों से अपने किए गए फैसले पर पुनर्विचार करने की प्रार्थना की है और विश्वास दिलाया है कि उनके साथ खांप पंचायतें खड़ी हैं। प्रवक्ता महेंद्र सिंह ने कहा कि महिला विरोधी मानसिकता के लोग यदि खेलों में आते हैं तो महिला खिलाडियों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। इस डर के साक्षी मलिक ने खेलों से संन्यास लिया है ओर बजरंग पूनिया ने अपना मेडल वापसी किया है। इससे पता चलता है कि आज भी ब्रजभूषण शरण कितना बलशाली है। सरकार में सरकार इस प्रकरण से कुछ नही सीख रही है। प्रवक्ता समुंद्र सिंह ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के मजाक को जाट समाज से जोड़ कर जो जाट समाज की तौहिन का प्रचार किया जा रहा है।

## मीनाक्षी को बैस्ट टीचर अवार्ड

- वेदांता इंटरनेशनल स्कूल को मिला बैस्ट स्कूल अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द को जींद में आयोजित विद्यालय एक्सीलेंस अवार्ड प्रोग्राम में बैस्ट स्कूल अवॉर्ड से नवाजा गया। इस प्रोग्राम में जींद जिले के सभी स्कूलों को शामिल किया गया। जिनमें से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सात स्कूलों का चयन किया गया। जिनमें वेदांता स्कूल का नाम भी शामिल था। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजी0 प्रदीप नैन को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए भी आमंत्रित किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों पर किसी प्रकार का कोई स्ट्रैस नहीं होना चाहिए और न ही उन पर अंक अर्जित करने का दबाव हो तो ही वे शिक्षा अर्जित करने में अपना बेहतर दे पाएंगे। ज्ञान प्राप्त कराना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। वहीं डायरेक्टर इंजी0 प्रदीप नैन ने कहा कि इसका श्रेय विद्यालय की पूरी टीम को जाता है जिनमें हमारे होनहार विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक भी शामिल हैं। शिक्षकों के अथक प्रयासों से ही आज उनके विद्यालय ने इस उपलब्धि को हासिल किया है। प्रधानाचार्या वीना डारा ने कहा कि वाकई में वेदांता स्कूल इस अवार्ड का हकदार है क्योंकि विद्यालय में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ जी तोड़ मेहनत करता है।


**जींद।** बैस्ट स्कूल अवार्ड व बैस्ट टीचर अवार्ड मिलने पर सम्मानित करते हुए।


**जींद।** जिला कारागार में गीता पाठ करते बंदी। फोटो :हरिभूमि

### जिला कारागार में एक मिनट में एक साथ गीता पाठ

**जींद।** जिला कारागार में एक मिनट में एक साथ गीता पाठ का आयोजन हुआ। जिला कारागार अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि महाभारत काल में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को सुबह 11 बजे के आसपास गीता का उपदेश दिया था। इसलिए गीता जयंती पर 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे पूरे विश्व में एक मिनट, एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया गया है। जिसके तहत वो भी इस आयोजन में शामिल हुए हैं। एक समय एक साथ गीता के पहले अध्याय का पहला श्लोक, नवें अध्याय का 22 वां श्लोक और 18वें अध्याय का 78वां श्लोक एक साथ पढा गया तथा इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बना गया। उन्होने यह भी बताया कि जेल में बंद सभी बंदियों को तीन श्लोक की पुस्तकें भी वितरित की गई थी तथा जेल में बंद सभी बंदियों एवं पूर्ण स्टाफ के सदस्यों द्वारा इस ऐतिहासिक पल में बढ़चढ़ कर भाग लिया। उपाधीक्षक बिरेंद्र सिंह, सहायक अधीक्षक धर्मचंद आदि मौजूद रहे।

## तुलसी दर्शन से पाप नष्टः विनोद

- भारत स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस और क्रिसमिस-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत विद्या मंदिर मिडल स्कूल में शनिवार को तुलसी पूजन दिवस और क्रिसमिस का त्योहार मनाया । विद्यार्थी स्कूल में सेंटा क्लॉज की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। आज विद्यार्थी स्कूल में क्रिसमस के त्योहार से संबंधित अनेक प्रकार की एसाइनमैंटस, क्रिसमिस ट्री आदि बना कर स्कूल आए।

सैंटा क्लॉज की वेशभूषा में आए सभी विद्यार्थियों ने तुलसी माता की पूजा की। गुब्बारों, लड़ियों आदि से सजावट भी की। मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने अपने संबोधन में कहा कि तुलसी और पीपल ऐसे पौधे है जो रात को भी आक्सीजन देते हैं, इसलिए तुलसी को आंगन में लगाया जाता है।

25 दिसंबर को तुलसी मैया की जयंती मनाई जाती है। जो मनुष्य तुलसी की लकड़ी से बनी हुई माला भगवान विष्णु को अर्पित करके पुनः प्रसाद रूप से उसे भक्तिपूर्वक धारण करता है, उसके पाप नष्ट हो जाते हैं। तुलसी दर्शन करने पर समस्त पापों का नाश होता है। स्पर्श करने पर शरीर पवित्र होता है, प्रणाम करने पर रोगों का निवारण करती है, जल से सींचने पर यमराज को भी भय पहुंचाती है। तुलसी का पौधा लगाने से जातक भगवान के समीप आता है। उन्होंने कहा कि त्योहार व्यक्तियों को परस्पर समझने का अवसर तो देते ही हैं।


**जींद।** भारत विद्या मंदिर स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### मुस्कान ने जीता ट्राई एथलान इवेंट में स्वर्ण पदक

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना की छात्रा मुस्कान पुत्री प्रदीप ने रायल स्पोर्टस अकादमी में बीते रविवार को आयोजित राष्ट्रीय अनर्तजनपदीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिला स्तर के ट्राई एथलान इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। कोच विवेक सांगवान ने बताया कि इस इवेंट में 60 मीटर रेस, लॉग जंप एवं हाई जंप थे। मुस्कान ने अंडर-14 में स्वर्ण पदक जीता। प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया कि मुस्कान विद्यालय की होनहार छात्रा है। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदक जीतकर स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन कर रही है। मुस्कान की चचेरी बहन नितेश ने भी भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल स्पर्धा में अंडर-14 के 200 मीटर में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रबंध समिति चेयपर्सन पूनम खटकड़ ने भी मुस्कान एवं कोच विवेक सांगवान को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## कूड़ा-कर्कट डालते मिले तो देना होगा पांच हजार रुपये जुर्माना

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नपा सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

आप अगर शहर में कूड़ा-कर्कट डालते मिले तो सावधान हो जाए। कूड़ा-कर्कट डालता अगर कोई मिला तो नपा द्वारा उससे 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाने के साथ-साथ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अपना साफ सुथरा उचाना अभियान के तहत निरंतर नपा द्वारा सार्वजनिक जगहों के अलावा जहां-जहां गंदगी के ढेर नजर आते थे वहां से गंदगी को जेसीबी की सहायत से उठवाने का काम किया है। नपा शहर स्वच्छ बनाने के लिए अब सख्त हुई है। जगह-जगह पर चेतावनी पंफलेंट लगाए गए है। सार्वजनिक जगह पर नगर पालिका द्वारा पंफलेट लगा कर हिदायत दी है कि कोई भी व्यक्ति कूड़ा-कर्कट डालता पाया जाता है तो उस पर 5 हजार रुपए तक का जुर्माना वसूलने के साथ अदालत में केस दायर किया जाएगा। निरंतर नपा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए हुए है। समाज सेवी सुरेंद्र गर्ग, रामनिवास, तरषेम, सुरेश ने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर कूड़ा-कर्कट डाले जाने से जो बेसहारा पशु होते है वो उनमें मुंह मार कर कूड़े को बिखर देते है। शहर में गंदगी जगह-जगह नजर आती है। सभी को मिलकर अपने शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान देना होगा। नपा द्वारा जो जुर्माना लगाए जाने के पंफलेट लगाए गए है उससे ऐसे लोगों पर रोक लगेंगी जो शहर में गंदगी फैलाने का काम करते है।



**उचाना।** नपा द्वारा लगाए गए पंफलेंट। फोटो :हरिभूमि

### सभी का सहयोग जरूरी

नपा सचिव विक्रमजीत ने कहा कि हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने का काम करेगा। अपना साफ सुथरा उचाना अभियान के तहत जेसीबी की सहायता से जहां सार्वजनिक जगहों पर गंदगी के ढेर थे उनको वहां से उठवाया गया है। इन जगहों पर पंफलेट लगा दिए गए है। यहां के अलावा किसी भी सार्वजनिक जगह, बाजारों में कूड़ा-कर्कट डालता कोई मिला तो 5 हजार रुपए तक का जुर्माना करने के साथ-साथ अदालत में केस भी दायर ऐसे व्यक्ति के खिलाफ किया जाएगा। हर कोई नपा को सहयोग शहर को स्वच्छ बनाने का काम करेंगे।



**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में आयोजित कार्यक्रम में बनाए गए चार्ट। फोटो :हरिभूमि

### महिला प्रताड़ना पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में यूजीसी के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला प्रताड़ना विषय के ऊपर कार्यक्रम आधारित रहा। अध्यक्षता धर्मबीर श्योकंद प्राचार्य डीएड, बीएड ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर वाईएस कादियान प्रशासक एएमएसजीडी ट्रस्ट उचाना कलां पहुंचे। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चार्ट बना अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। पूजा प्रथम, सुजाता द्वितीय, वंदना तृतीय स्थान पर रही। कादियान ने महिला अधिकार एवं उत्पीड़न के बारे में विस्तृत जानकारी दी। धर्मबीर श्योकंद ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, पमरजीत, डॉ. राजकुमार, होशियार सिंह, सर्वेश कुमार, दिनेश कुमार, सुनीता, पूनम, सीमा, महेंद्र मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सफीदों में मृतकों के वोट काटने का काम शुरू

**सफीदों।** उपमंडल सफीदों क्षेत्र में मतदाता सूचियों से मृतक लोगों के वोट काटने का काम शुरू कर दिया गया है। यहां के एसडीएम मनीष फौगाट ने मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित स्टाफ सदस्यों की आज बैठक ली जिसमें उन्होंने निर्देश दिया कि फौत हो चुके लोगों व दोहरी वोट के लोगों के वोट तत्काल प्रभाव से मतदाता सूचि से हटाया जा रहा है।

### अग्रवाल समाज की राजनीति में मिले मौका

**कैथल।** अग्रवाल युवा सभा के कार्यालय में युवाओं से रूबरू हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपांशु बंसल कैथल में स्थित अग्रवाल युवा सभा के कार्यालय में अग्रवाल वैश्य समाज छात्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दीपांशु बंसल एडवोकेट ने कैथल में अग्रवाल समाज के युवाओं से रूबरू होकर समाज की राजनीति में हिस्सेदारी सुनिश्चित करें।

### डीएवी में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया

**सीवन।** सीवन के डीएवी स्कूल में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस एवं छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सबसे पहले स्वामी श्रद्धानंद को याद करते हुए हवन का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों ने मिलकर हवन में आहुति डाली। हवन के पश्चात छात्रों गीता के श्लोक पढ़े।

### विश्वकर्मा मंदिर में पिछड़े वर्ग की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के विश्वकर्मा मंदिर में पिछड़े वर्ग समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी गर्जना रैली के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव महेंद्र पांचाल ने की। ओबीसी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए महेंद्र पांचाल ने कहा कि पिछले काफी समय से ओबीसी समाज की सरकारों ने अनदेखी की है।

### जुलाना में पहुंचीं आप की बदलाव यात्रा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा पहुंची। यात्रा में रा'यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है आने वाले चुनावों में प्रदेश में आप की सरकार बनेगी। नौवें दिन खिलाड़ियों की दुर्दशा को लेकर भाजपा सरकार को घेरा।

### कांग्रेस सरकार बनने पर घोटाले की होगी जांच

**ढांड।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वर्ष 2024 में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर गठबंधन सरकार में हुए सभी घोटालों की जांच करवाई जाएगी और जनता पर किए गए हर जुल्म का हिसाब लिया जाएगा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा गांव फरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो रैली को संबोधित करने के बाद गांव फरल में नरेंद्र राणा के प्रतिष्ठान पर आयोजित पै्रसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ विशेष रूप से कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला मौजूद थे।

## गीता महोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा, बोले- डॉ. मिड्ढा

# श्रीमद्भगवतगीता अंतिम समय में मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाने का करती है काम

- गीता महोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभा यात्रा
- शोभा यात्रा में गीता पालकी बनी आकर्षण का केंद्र
- छात्रों ने गीता के श्लोकों का उच्चारण कर माहौल को बनाया गीतामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जहां जीने का रास्ता दिखाती है, वहीं अंतिम समय में मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाती है। गीता एक धार्मिक ग्रंथ होने के साथ-साथ एक जीवन दर्शन हैं। जिसको अपना कर कोई भी व्यक्ति अथवा राष्ट्र अपना विकास कर सकता है। गीता सार्वभौमिक व कल्याणकारी है। गीता केवल उपदेश व आस्था ही नहीं, जीवन पद्धति भी है। भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा शनिवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में शिरकत करने उपरांत दिवान बाल कृष्ण रंगशाला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शहर में शोभा यात्रा निकाली गई।

उन्होंने कहा कि गीता सोच ही नहीं, चिंतन और दिशा भी है। इसके 18 अध्यायों में कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग की जो सरस्वती बहती है, उससे अज्ञान रूपी अंधकार धुल जाता है। यहीं वजह है कि गीता भारतीयों की ही नहीं, बल्कि विदेशियों को भी प्रिय है। उन्होंने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जियो गीता, रहो गीता, करो गीता, सुनो गीता का प्रचलन हर जगह होना चाहिए चाहे अस्पताल हो, रेल, जेल, सोते समय, जागते समय, दिन हो या रात हो। उन्होंने कहा कि गीता जीवन जीने की एक पद्धति है। यह केवल एक श्लोको का संग्रह मात्र न रह कर, संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता दुनिया को कर्म प्रदान विश्व का संदेश देती है। दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति जब कर्मयोगी बनेगा तभी आपसी सद्भाव, प्यार व भाईचारा बढ़ेगा।




कैथल। भाजपा नेता सुरेश गर्ग गीता जयंती समारोह का अवलोकन करते हुए व गीता जयंती समारोह में भजनों पर झूमती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### गीता पालकी बनी आकर्षण का केंद्र

श्री लज्जाराम आश्रम तीर्थ पांडु पिंडारा द्वारा तैयार की गई गीता की पालकी में श्री गीता ग्रंथ की आरती की तथा नगरशोभा यात्रा का शुभारंभ करने से पहले गणमान्यों ने जयंती देवी मंदिर में पूजा अर्चना व आरती की। नगर शोभा यात्रा में लज्जाराम आश्रम की गीता पालकी में पवित्र ग्रंथ गीता को सुसज्जित कर रखा गया। पालकी को फूलमालाओं से सजाया गया। इस दौरान श्री लज्जा राम आश्रम के विद्यार्थियों ने लगातार मंत्रोच्चारण किया। विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा तैयार की गई सभी झांकियों में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं उनके गीता के उपदेश को बच्चों द्वारा बेखूबी दर्शाया गया।

### विभागों द्वारा लगाई स्टालों का एडीसी का किया अवलोकन

*जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को स्थानीय दीवान बाल कृष्ण रंगशाला में अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने बतौर मुख्यअतिथि ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने हर्बल पार्क के निकट स्थल पर गीता अध्याय से संबंधित प्रदर्शित किए हुए 18 श्लोकों व विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का का अवलोकन किया और स्टालों व अन्य गीता से संबंधित प्वायंटों की प्रशंसा की। गीता मंडप में अतिरिक्त उपायुक्त ने विधिवत मंत्रों व श्लोक उच्चारण के साथ यज्ञ हवन में पूर्ण आहूति डाली। दिवान बाल कृष्ण रंगशाला में जहां विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों द्वारा गीता व संस्कृति, देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, वहां हर्बल पार्क के निकट स्थल पर बनी स्टेज पर वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण पर बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भी भेंट की गई। उन्होंने अपने संबोधन में ग्रमीणों से आह्वान किया कि वे गीता के ज्ञान को जन-जन पहुंचाएं। गीता के ज्ञान से ही हम सुखद जीवन प्राप्त कर सकते हैं।*




### गीता महोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

*जींद के विधायक डा कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हरियाणा सरकार का जिला स्तर पर गीता महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय प्रशंसनीय है। भगवान श्री कृष्ण का गीता संदेश हमारे अज्ञान का अंधकार दूर करता है। भारतीय संस्कृति में गीता का एक उच्च स्थान हैं। आज भारतीय संस्कृति के ज्ञान के प्रसार में गीता महोत्सव एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।*

### श्लोकों का उच्चारण कर माहौल को बनाया गीतामय

गुरूकुल के विद्यार्थियों ने यात्रा के शुभारंभ मौके पर भी गीता के श्लोकों का शानदार तरीके से उच्चारण कर पूरे वातावरण को गीतामय बना दिया। शोभा यात्रा जयंती देवी मंदिर से शुरू होकर पुरानी सब्जी मंडी, शिव चौक, झांझ गेट, सिटी थाना, बैंक रोड, रानी तालाब, गोहाना रोड बस अड्डा सड़क व शहर के अन्य मुख्य स्थलों से होती हुई डीसी कॉलोनी दिवान बाल कृष्ण रंगशाला में पहुंची।

### गीता जयंती महोत्सव का किया अवलोकन

विधायक ने हर्बल पार्क के निकट स्थल पर गीता अध्याय से संबंधित प्रदर्शित किए हुए 18 श्लोकों, विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाई गई सरकार की विकासात्मक गतिविधियों एवं जन कल्याकारी योजनाओं से ओतप्रोत प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन किया। दीवान बाल कृष्ण रंगशाला में जहां विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों द्वारा गीता व संस्कृति, देशभक्ति की भावन से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, वहां हर्बल पार्क के निकट स्थल पर बनी स्टेज पर वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण पर बेहतरीन प्रस्तुति दी।



कैथल। भाजपा नेता सुरेश गर्ग गीता जयंती समारोह का अवलोकन करते हुए।

# गीता के संदेश को अपने जीवन में धारण करें : सुरेश

- विद्यार्थियों व शहर वासियों ने भगवद् गीता के 18 कों का किया सामूहिक उच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथला

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तहत भाई उदय सिंह किला परिसर में ग्लोबल चांटिंग के तहत विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शहर वासियों ने मद् भगवद् गीता के 18 कों का सामुहिक उच्चारण कर भाई उदय सिंह किला परिसर को गीतामय रंग में रंग दिया। बीजेपी नेता सुरेश गर्ग, सीटीएम गुरविंद्र कुमार, मुकेश अग्रवाल, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, ईओ कुलदीप मलिक, सचिव रामजी लाल, राहुल शर्मा आदि ने शिरकत की।

संस्कृत प्रध्यापक रोहित शर्मा व जीओ गीता परिवार से एवं एडवोकेट दिनेश पाठक ने विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों, मीडिया कर्मियों व विद्यालयों के टीम प्रभारियों ने भी सामुहिक कोच्चारण में भाग लिया। बीजेपी नेता सुरेश गर्ग ने कहा कि गीता गं्रथ पवित्र ही नहीं, बल्कि मानवता का गौरव है। विश्व के कौने-कौन तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश पहुंच रहे हैं। यह सब वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही हो पाया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता के संदेशों को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया है। सभी गीता के संदेश को अपने जीवन में धारण करें, भारत विश्व गुरू बनने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र बनेगा। वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भावी पीढ़ी के लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। हर वर्ष गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें सामाजिक संस्थाओं का पूर्ण सहयोग रहता है।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

*जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष पर भाई उदय सिंह किला परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का बीजेपी नेता सुरेश गर्ग ने अवलोकन किया। उन्होंने सबसे पहले कृष्ण कृपा सेवा समिति ने मद्भगवद गीता पर आधारित प्रदर्शनी पर पहुंचकर पूजन व दीप प्रज्ज्वलन किया।*

### स्टेज पर ढ़ोल व गानों पर बच्चे झूमने लगे

*जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में बच्चों ने प्रदर्शनी को देखने के साथ-साथ वहां स्टेज पर ढोल व गानों पर नाचने लगे और खूब मौज-मस्ती की। शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर बच्चे अपने हाथों पर राधा-कृष्ण नाम के टैटू छपवाते हुए दिखाई दिए। वहीं श्याम रसोई जो बिना प्रोफिट व बिना लोस के अपना खाद्य लजीज व्यंजन दर्शकों को उपलब्ध करवा रही थी और इस स्टॉल पर काफी भीड़ देखने को मिल रही थी।*

## संयुक्त किसान मोर्चा ने साप्ताहिक बैठक के दौरान आंदोलन को तेज करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शनिवार को 511 वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता रामप्यारी ने की व मंच संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने बताया कि आज धरने के साथियों का मुंह मिठा करवा कर चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के जन्म दिन को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। क्योंकि ये वही व्यक्ति था जो मरते समय तक किसानों के साथ खड़ा रहा जो केवल कि सानों के लिए जीया और उन्ही के लिए मारा जिसे जनसंघ कभी प्रधान मंत्री के पद पर देखना नहीं चाहती थी। आज अपनी कुर्सी के लिए उन्हीं चित्रों पर मल्यापन कर रहे हैं और उन का जन्म दिन मना रहे हैं। उसके बाद की साप्ताहिक मीटिंग में भी किसान आंदोलन को तेज करने और अपने अपने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में डिम्पल, कमलेश, अनिता, छोटी, रामप्यारी, भारती, सतबीर, इंद्र सिंह, राम सिंह, रणधीर आदि मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में मनाया जाएगा बाल शौर्य दिवस

- अनेक सामाजिक संस्थाएंए धार्मिक संगठन तथा अन्य लोग लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि पांच साल पहले डीएवी स्कूल से ही बाल शौर्य दिवस मनाने की मांग की थी, जिसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया और अब हर वर्ष 26 दिसंबर को बाल शौर्य दिवस मनाया जाता है। इस बाद भी देश के लिए कुर्बान हुए वीर बच्चों की याद में 26 दिसंबर को डीएवी स्कूल में बाल शौर्य दिवस मनाया जाएगा। 25 दिसंबर शाम को लाइट एंड साउंड शो किया जाएगा, जिसमें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शौर्य गाथा पर नाटक मंचन होगा। 26 दिसंबर को सुबह बाल वीर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम डीएवी स्कूल सफीदों में होगा। डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ गुरजिंदर सिंह भी मौजूद रहे। डा. विद्यार्थी ने कहा कि पांच साल पहले बाल शौर्य दिवस मनाने की शुरुआत डीएवी स्कूल जींद से की गई थी। धीरे-धीरे यह मुहिम रंग लाई और प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को बाल शौर्य दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने तथा उनकी टीम ने देश के 108 बच्चों की खोज की, जिन्होंने देश के लिए चार से 16 साल की आयु में अपना बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह के परिवार ने 21 से 27 दिसंबर तक अपना बलिदान दिया था। इसके अलावा संस्थाओं के सहयोग से उन्होंने मुख्यमंत्री से रा'य स्तर पर यह कार्यक्रम मनाए जाने, बालवीरों की जीवनियां पाठ्यक्रम में शामिल करने तथा सभी स्कूल में 26 दिसंबर को बाल शौर्य दिवस मनाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा कर दिया है। 26 दिसंबर को बाल शौर्य दिवस मनाने का पत्र जारी कर दिया गया है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डा. धर्मदेव विद्यार्थी व गुरजिंदर सिंह।

### विधायक रामनिवास का प्रयास सफल पुलिस को बड़ी राहत

**नरवाना।** नरवाना हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा का एक और बड़ा प्रयास सफल हो गया है विधायक रामनिवास ने मानसून सत्र के दौरान पुलिस विभाग में एसपीओ व होमगार्ड पद पर कार्यरत कर्मचारियों को यात्रा ख़र्च, मेडिकल खर्च व वेतन बढ़ाए जाने की मांग की थी। जिस पर गृह विभाग द्वारा विषय संज्ञान में लेकर पिछले सप्ताह एसपीओ पद पर कार्यरत कर्मचारियों को निशुल्क बस यात्रा व मेडिकल सुविधा प्रदान किए जाने के आदेश हो गए हैं। जिसमें लगभग प्रदेश के 11 हजार एसपीओ पद पर तैनात कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जुलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा जुलाना हल्के के गांव अकालगढ़ व मेहरड़ा पहुंची। इस यात्रा में मुख्यतिथि के तौर पर सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक ने शिरकत की। सांसद रमेश कौशिक ने सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार ने अनेकों नेशनल हाइवे व रा'य हाइवे बनवाये व गांव से गांव को जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग बनवाये। सरकार ने गरीबों को मुफ्त में इलाज मुहैया करवाने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाए व हरियाणा सरकार ने चिरायु कार्ड बनवाए, सरकार ने गरीबों को मुफ्त में उ'वला गैस योजना के तहत सिलिंडर उपलब्ध करवाए। सरकार द्वारा सारी सुविधाएं आपके द्वार तक पहुंचाने के लिए अधिकारी आपके गांव में पहुंच रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचे। इस मौके पर सांसद रमेश कौशिक द्वारा पात्र व्यक्तियों को मुफ्त में गैस सिलिंडर वितरित किये गएए प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच द्वारा पगड़ी बांधकर सांसद को सम्मानित किया गया। इस दौरान जींद के एसडीएम पंकज यादव, तहसीलदार रविंद्र हुड्डा, नायब तहसीलदार प्रतीक यादव, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज, सत्यवान खटकड़ आदि मौजूद रहे।



## सीवन में धूमधाम से मनाई गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से विश्व बंधुत्व के लिए वैश्विक आह्वान के तहत श्री कृष्ण कृपा परिवार व जियो गीता के तत्वाधान में गीता जयंती के अवसर पर गीता शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह गीता शोभायात्रा सीवन के रामा आश्रम से आरंभ हुई और सीवन के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी। इससे पूर्व रामा आश्रम में गीता यज्ञ किया गया। सुबह 11 बजे 1 मिनट एक साथ गीता पाठ भी किया गया। इसमें गीता का पहला श्लोक, 9वें अध्याय का 22 वां श्लोक व आठवें अध्याय का 78वां श्लोक का उच्चारण किया गया। उसके पश्चात श्री गीता जी की पालकी के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके गीता जी का पूजन किया।



### एचसी रितू ने छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स

*__राजौंद।__ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरहदा में रॉल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रितु हेड कांस्टेबल थाना राजौंद को रॉल मॉडल बनाया गया। उन्होंने छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। कैरियर को लेकर भी कई टिप्स बताएं। इस दौरान प्रीति शर्मा एएनएम ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान प्रदान किया। विद्यालय की बारहवीं की टॉपर छात्राओं में कुमारी प्रीति व कुमारी मिलन के साथ साथ प्राध्यापकों ने भी छात्राओं को प्रोत्साहन एवम् कैरियर गाइडेंस के बारे अवगत करवाया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचे सभीजनों का आभार प्रकट किया। इस दौरान अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, सरपंच कृष्णा, सरपंच प्रतिनिधि सतपाल, प्राध्यापक कुलदीप, नीना, रामफल शर्मा आदि मौजूद रहे।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** हरियाणा कला परिषद द्वारा मानसरोवर पार्क स्थित प. श्रीराम रंगशाला में फागुन उत्सव मनाया

## इंडस पब्लिक स्कूल 'जूनियर विंग' में बच्चों ने की क्रिसमस पर मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में क्रिसमस पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों को तरह-तरह की एक्टिविटीज कराई गई। इस दौरान छात्रों ने स्टेज पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छोटे-छोटे बच्चों ने नव वर्ष का स्वागत डांस के माध्यम से किया। क्रिसमस के महत्व को उजागर करते हुए सेलिब्रेशन में कुछ बच्चे सांता क्लाज भी बन कर आए। सांता क्लाज बने बच्चों ने वहां उपस्थित सभी लोगों को टॉफियां वितरित की। विद्यार्थियों ने सभी अध्यापिकाओं व छोटे-छोटे सैंटाज के साथ खूब डांस किया। अंत में मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने सभी त्योहार मिलजुल कर मनाने का संदेश दिया व साथ ही कहा कि इस तरह के प्रोग्राम बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और क्रिसमस व आने वाले नव वर्ष की बधाई दी। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि 25 दिसंबर से दिन लंबे होने शुरू हो जाते हैं। इसलिए इस दिन सूर्य का पुनर्जनम माना जाता है और यही कारण है कि यूरोपीय लोग 25 दिसंबर को सूर्य के उत्तरायण के मौके पर त्योहार मनाते थे। इस दिन को बड़े दिन के रूप में ही जाना जाता है। ईसाई समुदाय के लोगों ने भी इसे प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में चुना है।





जींद। बच्चे सांता क्लाज बन कर आए, सभी लोगों को टॉफियां वितरित की। फोटो :हरिभूमि

क्रिसमस स्पेशल

ईसा मसीह का जन्मदिन सदियों से क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि लगभग सभी धर्मों के लोग दुनिया भर में इसे उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व में निहित प्रेम और भाईचारे का संदेश ही वास्तव में सभी को एक-दूसरे से जोड़ता है, विश्व बंधुत्व की भावना के लिए प्रेरित भी करता है।

# प्रेम-उल्लास का वैश्विक पर्व क्रिसमस



कवर स्टोरी / धीरज बसाक

हर वर्ष 25 दिसंबर को दुनिया के हर कोने में क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस का यह पर्व यूं तो ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह के जन्मदिन की खुशी के रूप में ईसाई धर्म के अनुयायियों के द्वारा मनाया जाता है, लेकिन बहुत से गैर ईसाई लोग भी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले इस पर्व को खुशी-उल्लास से मनाते हैं। अपने देश भारत में भी बड़े पैमाने पर सभी धर्मों के लोग क्रिसमस मनाने लगे हैं।

### अरबों लोग मनाते हैं यह पर्व

अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दुनिया में करीब 2.20 अरब क्रिश्चियन हैं। वे सब तो भरपूर उल्लास के साथ क्रिसमस को सेलिब्रेट करते ही हैं, साथ ही करीब 50 करोड़ दूसरे धर्म के मानने वाले लोग भी इस पर्व को मनाते हैं। इस तरह दुनिया में क्रिसमस अकेला ऐसा पर्व है, जिसे करीब पौने तीन अरब से अधिक लोग मनाते हैं। दूसरे नंबर पर ईद का पर्व है, जिसे दुनिया भर के करीब 2 अरब लोग मनाते हैं।

### शुरुआत के संदर्भ में मान्यता

क्रिसमस ईसाईयों का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। माना जाता है कि 25 दिसंबर को ही बैतलहम में मैरी और जोसेफ के घर जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था। सन् 221 में एक ईसाई यात्री सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस ने पहली बार 25 दिसंबर यानी जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस के रूप में मनाया था। तभी से धीरे-धीरे ईसाई धर्म के अनुयायियों के बीच जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाना शुरू हुआ। सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस नामक इस ईसाई यात्री ने दूसरी सदी के अंत और तीसरी सदी की शुरुआत तक का इतिहास भी लिखा है।









### होता है उमंग-उल्लास का माहौल

कई यूरोपीय देशों में 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के दिन प्रभु यीशु से संबंधित वैसे ही झांकियां निकलती हैं, जैसे अपने देश में रामलीला के अवसर पर या गुरुपर्व पर झांकियां निकलती हैं। क्रिसमस एक ऐसा धार्मिक उत्सव है, जिसका आनंद सभी धर्मों के लोग लेते हैं, क्योंकि क्रिसमस को लेकर कट्टर धार्मिक आग्रह नहीं है। इसलिए यह त्योहार गैर ईसाई लोग भी पूरे मन से मनाते हैं। इस दिन लोग शाम के समय गिरिजाघर जाते हैं और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करते हैं। बच्चों को खासतौर पर क्रिसमस का इंतजार इसलिए भी रहता है, क्योंकि 24 दिसंबर की रात में सांता क्लॉज की वेशभूषा में उनका कोई अपना या अंजान व्यक्ति आकर उन्हें चॉकलेट और दूसरे गिफ्ट्स देता है। इस दिन लोग 'क्रिसमस कैरोल' नामक एक खास तरह का गीत गाते हैं। इस मौके पर कई लोग एरोकेरिया नामक पौधे को छोटे-छोटे रंगीन गेंदों, बल्ब और खिलौनों से सजाते हैं, जिसे क्रिसमस ट्री कहा जाता है।

### प्रेम-भाईचारे का देता है संदेश

वैसे तो यह पर्व प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। लेकिन यीशु ने अपने अवतारी जीवन में प्रेम और करुणा के जिन उच्च मानवीय मूल्यों की महत्ता को स्थापित किया, वो उस काल में ही नहीं आज के दौर और हर युग में प्रासंगिक हैं। आज जब हर ओर हिंसा, दुख और तनाव का माहौल है, ऐसे में हम प्रभु यीशु के संदेशों को अपने जीवन में अगर अपना लें, तो ही वैश्विक शांति स्थापित हो सकती है और तभी क्रिसमस पर्व मनाने की सार्थकता होगी। *


### जमकर की जाती है खरीदारी

**जिस तरह** से भारत में दीपावली का त्योहार खरीदारी का बहुत बड़ा मौका होता है, उसी तरह अमेरिका और यूरोप के देशों में सबसे ज्यादा शॉपिंग क्रिसमस के मौके पर होती है। बिग डे शॉपिंग जैसे कॉन्सेप्ट वास्तव में क्रिसमस पर होने वाली शॉपिंग की वजह से ही पॉपुलर हुए हैं। माना जाता है कि विश्व के उपभोक्ता बाजार को गति देने में और उसे महत्वपूर्ण बनाने में क्रिसमस शॉपिंग का बहुत बड़ा योगदान है। अनुमान के मुताबिक समूची दुनिया में क्रिसमस के मौके पर इतनी शॉपिंग होती है, जितनी समूचे अफ्रीकी देशों का वार्षिक बजट भी नहीं होता। इसलिए ना सिर्फ लोगों की खुशियों से बल्कि कारोबार की खुशियों से भी क्रिसमस का बहुत गहरा नाता है, इसलिए यह आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति का सबसे पसंदीदा पर्व भी है।

---


वर्ल्ड रिकॉर्ड / शिखर चंद जैन

## क्रिसमस पर लाखों लाइट्स से जगमगाता है यह अमेरिकी घर



अगर किसी गांव का कोई घर अपनी जगमगाहट के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो जाए तो अचरज होना स्वाभाविक ही है। यही नहीं इस अनूठे प्रकाशमान घर के कारण एक छोटा-सा अमेरिकी गांव क्रिसमस के अवसर पर चर्चित पर्यटन स्थल बन जाता है। इस गांव की आबादी तो लगभग 4,600 लोगों की है, लेकिन क्रिसमस के दौरान, इस अनोखे घर को देखने यहां 60,000 से अधिक पर्यटक आ जाते हैं।

जी हां, हम बात कर रहे हैं न्यूयॉर्क (अमेरिका) के ग्रामीण इलाके डचेज काउंटी के नियनवाले गांव में रहने वाले दंपति टिमोथी और ग्रेस गे के घर की। नियनवाले गांव के अंधेरे माहौल में उनका यह अनूठा घर दूर से किसी प्रकाश स्तंभ की तरह चमकता हुआ दिखता है।



आपको यह जानकर हैरानी होगी कि क्रिसमस के मौके पर टिमोथी-ग्रेस गे के इस घर में 7,20,420 बल्ब जलते हैं। ये बल्ब एक साउंड ट्रैक से जुड़े हुए होते हैं, जो करीब ढाई सौ गीतों की धुन पर बार-बार रंग बदलते हैं। इससे जगमगाहट से पूरा माहौल जादुई और बहुत आकर्षक लगता है। यहां एक तालाब भी है, दोनों किनारे पर लगे पेड़ों पर बंधी रस्सी में बड़ा सा ग्लोब, हार्ट, सितारे और इंद्रधनुष लटकाए जाते हैं। ये सभी आकृतियां भी रंग-बिरंगे बल्बों से बनी होती हैं। इनकी छाया जब तालाब के जल में पड़ती है तो देखने वाले को लगता है, मानो वह किसी मायालोक में आ गया है।

**ऐसे हुई सजावट की शुरुआत:** टिमोथी और ग्रेस गे (पति-पत्नी) ने सबसे पहली बार अपने इस घर को वर्ष 1995 में छोटे बल्बों से रोशन किया था। यह मौका था, उनके पहले बच्चे के जन्मोत्सव का। अपनी खुशी का इजहार करने के लिए इस दंपति ने अपने घर को 600 रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया था। कुछ वर्षों बाद अपने शौक को बढ़ाते हुए, उन्होंने अपने 1.7 एकड़ में फैले आवासीय परिसर के सामने तालाब के आस-पास मौजूद पेड़ों और झाड़ियों को भी मिनी बल्बों की झालर से सजा दिया।

**बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड:** हर साल घर सजाने के क्रम में वर्ष 2011 में टिमोथी-ग्रेस गे को पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले एक दंपति भी अपने घर को लाइटों से सजाते हैं और उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उस दंपति से टिमोथी और ग्रेस गे सिर्फ कुछ बल्ब कम लगाते थे। यह जानकारी मिलते ही टिमोथी और ग्रेस गे ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने की ठान ली। इस तरह अगले ही साल वर्ष 2012 में उन्होंने यह वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल कर लिया। 2013 में वे पिछड़ गए थे, लेकिन उसके बाद 2014 से अब तक उनका ही नाम गिनीज बुक में दर्ज है। अपने इस अनूठे शौक के कारण इस दंपति की ख्याति राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। टिमोथी-ग्रेस गे के साथ-साथ उनका गांव भी दुनिया भर में चर्चित हो गया है। *

---

अमेजिंग

## वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च

क्रिसमस के पर्व पर चर्च को बहुत शानदार तरीके से सजाया जाता है। इस अवसर पर प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशी में चर्च में बड़ी संख्या में लोग जुटकर प्रेयर करते हैं, कैरोल्स गाते हैं और एक-दूसरे को क्रिसमस विश करते हैं।

वैसे तो दुनिया भर में ईसाई धर्म के लोगों के लिए बड़ी संख्या में चर्च मौजूद हैं। लेकिन उनमें से कुछ चर्च अपनी विशिष्ट संरचना के कारण दुनिया भर में चर्चित हैं। इनमें से ही एक वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च भी है। यह चर्च रोमानिया देश के मारामुरेस काउंटी में सापांता गांव के पास सापांता पेरी मोनेस्ट्री में स्थित है। इस चर्च का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे वूडेन चर्च के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

इस चर्च की ऊंचाई 78 मीटर यानी करीब 256 फीट है। चर्च की इमारत इतनी ऊंची है कि इसे पांच किलोमीटर की दूरी से देख सकते हैं। चर्च का निर्माण मारामुरेस शैली में हुआ है। चर्च के निर्माण में ऑक वुड (बतूल की लकड़ी) का इस्तेमाल हुआ है। ऑक वुड सबसे मजबूत मानी जाती है और लंबे समय तक टिकी रहती है। सापना पेरी मोनेस्ट्री में बना यह चर्च, वर्तमान में रोमानिया देश में ईसाई धर्मावलंबियों के सबसे लोकप्रिय स्थानों में शामिल है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे



---

फेस्टिवल स्टोरी
योगेश कुमार गोयल

क्रिसमस वाले दिन बच्चों को सांता क्लॉज का खासतौर से इंतजार रहता है। इस दिन वे बच्चों के लिए ढेर सारे उपहार और तरह-तरह के खिलौने लेकर आते हैं। सांता क्लॉज की वास्तविकता से जुड़ी कई कहानियां प्रचलित हैं।



## दयावान-बच्चों के प्यारे सांता क्लॉज

क्रिसमस का नाम सुनते ही बच्चों के मन में सफेद-लंबी दाढ़ी वाले लाल-सफेद रंग की ड्रेस और सिर पर फुनगी वाली टोपी पहने पीठ पर खिलौनों उपहारों का झोला लादे बूढ़े बाबा 'सांता क्लॉज' की तस्वीर उभर आती है। बच्चे प्यार से सांता क्लॉज को 'क्रिसमस फादर' भी कहते हैं। सांता क्लॉज के प्रति ना केवल ईसाई समुदाय के बच्चों का बल्कि दुनिया भर में अन्य समुदायों के बच्चों का आकर्षण भी पिछले कुछ समय में काफी बढ़ा है। इसका एक कारण यही है कि विभिन्न शहरों में 25 दिसंबर के दिन सांता क्लॉज बने व्यक्ति विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर खड़े हर समुदाय के बच्चों को बड़े प्यार से उपहार बांटते देखे जा सकते हैं।



**कौन है सांता क्लॉज** : सांता के बारे में ढेरों कहानियां पढ़-सुनकर अधिकांश बच्चों के दिमाग में यह सवाल जरूर उमड़ता है कि उन्हें उपहार देने और इतना प्यार करने वाला यह सांता क्लॉज आखिर है कौन, यह कहां से आता है और बच्चों को उपहार क्यों देकर जाता है? बच्चों का दिल रखने के लिए कुछ माता-पिता उन्हें कह देते हैं कि वह एक देवदूत है, जो क्रिसमस की रात अपने 8 रेंडियर वाले स्लेज पर बैठकर स्वर्ग से आता है और बच्चों को उपहार बांटकर स्वर्ग वापस चला जाता है। जबकि कुछ बच्चों के पैरेंट्स यह कहकर उनकी जिज्ञासा शांत करते हैं कि सांता क्लॉज, बहुत दूर स्थित एक बर्फीले देश से आता है। वास्तव में सांता क्लॉज, चौथी शताब्दी में मायरा के निकट एक शहर (जो अब तुर्किए के नाम से जाना जाता है) में जन्मे संत निकोलस का ही रूप है।

**संत निकोलस बने सांता क्लॉज** : प्राचीन कथा के अनुसार, संत निकोलस के पिता एक बहुत बड़े व्यापारी थे, जिन्होंने निकोलस को अच्छे संस्कार देते हुए दूसरों के प्रति सदा दयाभाव रखने और जरूरतमंदों की सहायता करने को प्रेरित किया। निकोलस पर इन सब बातों का इतना असर हुआ कि वह हर समय जरूरतमंदों की सहायता करने को तत्पर रहते। बच्चों से तो उन्हें खास लगाव था।

**प्रचलित हैं कई कहानियां** : सांता क्लॉज के बारे में कई अन्य कथाएं भी प्रचलित हैं। कहा जाता है कि एक बार निकोलस को मायरा के एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली, जो बहुत धनवान था लेकिन कुछ समय पहले व्यापार में भारी घाटा हो जाने से वह कंगाल हो चुका था। उस व्यक्ति की चार बेटियां थीं लेकिन उनके विवाह के लिए उसके पास कुछ नहीं बचा था। यहां तक कि उसके परिवार के लिए तो खाने के भी लाले पड़ गए थे। जब उससे अपने परिवार की इतनी बुरी हालत नहीं देखी गई और लड़कियां विवाह योग्य हो गईं तो उसने फैसला किया कि वह इनमें से एक लड़की को बेच देगा और उससे मिले पैसे से अपने परिवार का पालन-पोषण करेगा तथा बाकी बेटियों का विवाह करेगा। अगले दिन अपनी एक बेटी को बेचने का विचार करके वह रात को सो गया लेकिन उसी रात संत निकोलस उसके घर पहुंचे और चुपके से खिड़की में से सोने के सिक्कों से भरा एक थैला घर में डालकर चले गए। सुबह जब उस व्यक्ति ने सोने के सिक्कों से भरा थैला पड़ा देखा तो वह बहुत आश्चर्यचकित हुआ। उसने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए थैला अपने पास रख लिया और एक-एक कर धूमधाम से अपनी चारों बेटियों की शादी की। बाद में उसे पता चला कि यह थैला संत निकोलस ही उसके घर छोड़ गए थे। *



### जुराब टांगने से जुड़ी कहानी

**क्रिसमस के** दिन कई बच्चे रात के समय अपने-अपने घरों के बाहर अपनी जुराबें टांग देते हैं। इसके पीछे मान्यता यह है कि सांता क्लॉज रात के समय आकर उनकी जुराबों में उनके मनपसंद उपहार भर जाएंगे। इस बारे में भी एक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार सांता क्लॉज ने देखा कि कुछ गरीब परिवारों के बच्चे आग पर सेंक कर अपनी जुराबें सुखा रहे हैं। जब बच्चे सो गए तो सांता क्लॉज ने उनकी जुराबों में सोने की मोहरें भर दीं और चुपचाप वहां से चले गए।

---

लघुकथाएं

## गरीब



रेलगाड़ी चल पड़ी थी। सभी यात्री कुछ ना कुछ करने लगे। कोई लेट गया, कोई मोबाइल देखने लगा तो कुछ आपसी गपशप में मशगूल हो गए। तभी दो युवक चना, गजक, रेवड़ी आदि बेचने के लिए आए। कुछ लोग उनसे मोल-भाव कर रहे थे, 'दो रुपए कम कर दो, पांच रुपए कम कर दो।' इस चक्कर में एक बूढ़ी महिला ने अपना सौ का नोट नीचे गिरा दिया। सामान बेचने वाले युवक रुपया उठाकर बूढ़ी महिला को देते हुए बोले, 'अम्मा, अपना पैसा संभाल कर रखो।' बूढ़ी महिला सहित बाकी लोग दोनों युवकों की ईमानदारी देखकर हतप्रभ थे। युवक अपना सामान बेचने के साथ रेलगाड़ी की सीट के नीचे अपनी पैनी नजर भी गड़ाए हुए थे। रेलगाड़ी जब एक स्टेशन पर रुकी तो दोनों युवकों ने सीट के नीचे पड़ा कचरा फटाफट एक थैले में भर लिया। 'ओह, कितने गरीब हैं दोनों। बेचारे कचरा जाकर बेचेंगे। इससे चार पैसों की और कमाई हो जाएगी।' एक यात्री ने दूसरे यात्री से कहा। तभी यात्रियों ने देखा, वे दोनों युवक रेलगाड़ी के डिब्बे से बाहर उतरे और सारा कचरा जाकर उन्होंने एक कूड़ेदान में डाल दिया। गाड़ी में बैठे खिड़की से देख रहे यात्रियों का चेहरा फक रह गया। वे सोच रहे थे, 'ये गरीब युवक तो बेहद समझदार निकले। नासमझ तो हम हैं, जो रेलगाड़ी के डिब्बे में गंदगी फैलाए हुए थे।' *

-हरीशचंद्र पांडे

## गिफ्ट




आज क्रिसमस था। स्कूल में काफी चहल-पहल थी। तरह-तरह की प्रतियोगिताएं हो रही थीं। फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉज बनकर रेड कारपेट पर आते और अपनी झोली से टॉफियां निकालकर दर्शकदीर्घा में बैठे बच्चों की ओर उछाल देते। बच्चे टॉफियां कैच करके गप्प से मुंह में रख लेते। सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिले थे। लेकिन इन बच्चों के बीच बैठी नन्ही नीतू के चेहरे पर उदासी थी। स्कूल प्रिंसिपल की नजरों से वह बची नहीं।

कुछ देर बाद ही बच्चों के बीच में एक बड़ा सांता क्लॉज आया। वह सीधा नीतू के पास गया और बोला, 'हैलो नीतू, अपना गिफ्ट लो!' अपने सामने सांता क्लॉज को देखकर नीतू के चेहरे पर मुस्कान आ गई। लेकिन अगले ही पल नीतू के चेहरे की मुस्कान गायब हो गई। गिफ्ट लेने के लिए उसने बढ़ाए अपने हाथ पीछे कर लिए। यह देख सांता क्लॉज ने प्यार से नीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा, 'नीतू बेटा, यह तुम्हारा ही गिफ्ट है।'

नीतू एकाएक रो पड़ी, बोली, 'नहीं.. नहीं.. मैं यह गिफ्ट नहीं ले सकती। घर पर मेरी मां बीमार हैं। मुझे गिफ्ट नहीं, मां के लिए दवाइयां चाहिए।' सांता क्लॉज बने प्रिंसिपल यह सुनकर मन ही मन बहुत दुखी हो गए। उन्होंने तुरंत जेब से अपना पर्स निकाला और नीतू को पांच-पांच सौ के चार नोट पकड़ा कर बोले, 'ये लो नीतू तुम्हारा नया गिफ्ट। अब जाकर मां के लिए दवाइयां खरीद लेना। हमारी प्रभु से प्रार्थना है, तुम्हारी मां जल्दी ठीक हो जाएं।' नीतू की आंखें खुशी से चमक उठीं। वह स्कूल गेट की ओर भागी ताकि सांता क्लॉज से मिले रुपयों से अपनी मां के लिए दवाएं खरीद सके। वहां बैठे लोग यह दृश्य देखते ही रह गए। *

-भूपसिंह 'भारती'

साल 2023 बीतने वाला है। इस बीत रहे वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर बहुत कुछ ऐसा घटित हुआ जो अभूतपूर्व था। कई ऐतिहासिक उपलब्धियां भी हमने हासिल कीं। विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों और सफलताओं पर एक विहंगम दृष्टि।

# उपलब्धियों के लिहाज से कैसा रहा साल 2023

फ्लैश बैक
लोकमित्र गौतम


रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास


सियाचिन ग्लेशियर पर कैप्टर शिवा चौहान


वेद वन पार्क, नोएडा, उत्तर प्रदेश


वातानुकूलित डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, मुंबई

चंद दिनों में ही साल 2023 इतिहास का हिस्सा बन जाएगा और इसी के ओझल होते कदमों से उम्मीदों से भरे साल 2024 की शुरुआत होगी। जब एक पूरा साल गुजरता है तो हम मुड़कर पूरे साल को जरूर एक बार देखते हैं। ठहर कर सोचने और समझने की कोशिश करते हैं कि यह साल कितना महत्वपूर्ण था या कि इसे हम और कैसे अपने लिए बेहतर बना सकते थे?

**जनवरी:** साल 2023 की शुरुआत में यानी जनवरी माह में सर्वोच्च न्यायालय की 5 जजों की एक संविधान पीठ ने भारत सरकार के विरुद्ध नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली एक दो नहीं पूरी 58 याचिकाओं को एक साथ खारिज कर दिया। जनवरी में कर्नाटक के देवनहल्ली शहर में केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान ने कार्य करना शुरू किया। जनवरी 2023 में ही भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' परियोजना की घोषणा की, जिसका उद्देश्य आम वकीलों से लेकर कानून के छात्रों और आम जनता तक को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले तक पहुंचने की सुविधा प्रदान करना है।

साल के पहले महीने की अन्य कई महत्वपूर्ण घटनाओं में कैप्टन शिवा चौहान, सियाचिन ग्लेशियर में ऑपरेशनल उद्देश्य से तैनात होने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बनीं। जनवरी 2023 में पूरे प्रांत में डिजिटल बैंकिंग सुविधा मुहैय्या कराने वाला केरल देश का पहला राज्य बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ तक 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को वाराणसी में हरी झंडी दिखाई। इसी जनवरी माह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन द्वारा अरुणाचल प्रदेश की सिओम नदी पर बनाए गए पुल का उद्घाटन किया।


पैंगोंग फ्रोजन लेक, लद्दाख के मैराथन विनर

**फरवरी:** इस साल फरवरी में पहली बार 20 फरवरी 2023 को लद्दाख के पैंगॉग त्सो झील में फ्रोजन लेक मैराथन आयोजित की गई। इसे गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सबसे ऊंची फ्रोजन लेक का दर्जा मिला। इसी महीने मुंबई में पहली बार एक वातानुकूलित डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की शुरुआत हुई और इसी महीने पहली बार केरल के त्रिशूर स्थित इरिंजादप्पल्ली श्री कृष्णा मंदिर में रमन नामक एक रोबोटिक हाथी को पेश किया गया, यह 11 फीट ऊंचा और 800 किग्रा. का है। इस साल फरवरी में ही केरल देश का पहला ऐसा राज्य बना, जहां सीवेज की सफाई के लिए रोबोटिक स्क्वेंजर 'बैंडीक्यूट' को लांच किया।

**मार्च :** मार्च 2023 में सुरेखा यादव एशिया महाद्वीप की पहली महिला लोकोमोटिव पायलट बनीं। सुरेखा यादव ने 13 मार्च को वंदे भारत एक्सप्रेस को सोलापुर से सीएसएमटी तक पटरी पर दौड़ाया। इसके साथ ही वह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने वाली पहली महिला लोको पायलट भी बन गईं। मार्च के आखिर में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल ने घोषणा की कि उसने पहली बार गाय की देसी नस्ल गीर का क्लोन बछड़ा पैदा किया।


अंडरग्राउंड ट्रांसफार्मर सेंटर, बेंगलुरु

**अप्रैल:** चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पहली बार 'वोट फ्रॉम होम' की शुरुआत की, इसके तहत ऐसे व्यक्ति जो वोट डालने मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते, उनके घर में वोट डालने की व्यवस्था की जाएगी।

**मई:** मई 2023 में भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मेघालय के जयंतियां हिल्स में दावकी भूमि बंदरगाह का उद्घाटन किया गया। इसी महीने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने लर्निंग मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम 'सक्षम' को लांच किया, जिसका उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य पेशेवरों को उच्चस्तरीय चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान करना है।

**जून:** जून माह में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उत्तर भारत का पहला 'स्किन बैंक' खोला गया, जहां मृत व्यक्तियों की त्वचा दान की जाती है। जून 2023 में भारत 1.45 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा राजमार्ग नेटवर्क वाला देश बन गया।

**जुलाई:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जुलाई माह में घोषणा की कि 1 जनवरी 2025 के बाद से सभी ट्रकों के केबिन अनिवार्य रूप से वातानुकूलित प्रणाली वाले होंगे। उत्तर प्रदेश के नोएडा में देश का पहला 'वेद वन पार्क' नामक वैदिक थीम वाला पार्क खोला गया, जहां 50,000 से ज्यादा औषधीय पौधे लगाए गए हैं। पार्क को वैदिककाल के साथ ऋषि मुनियों के नाम पर बांटा गया है।

**अगस्त:** 23 अगस्त 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 की चांद की सतह पर सफल लैंडिंग हो गई। 25 अगस्त 2023 को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिल्ली में न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए टेली-लॉ और न्यायबंधु एप को एकीकृत करने वाला टेली-लॉ-2.0 लांच किया।

**सितंबर:** अमेजन इंडिया ने श्रीनगर की डल झील पर देश का पहला तैरता हुआ 'आई हैव स्पेस' स्टोर लांच किया। सितंबर 2023 में सांची भारत का पहला सोलर सिटी बन गया। सितंबर में ही बेंगलुरु में देश का पहला अंडरग्राउंड ट्रांसफार्मर सेंटर स्थापित किया गया। त्रिपुरा सरकार ने ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए अलग से पिंक शौचालय निर्मित करने की घोषणा की।

**अक्टूबर:** 2 अक्टूबर 2023 को बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित सर्वेक्षण को सार्वजनिक किया गया। यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल तमिलनाडु के मम्मलापुरम में स्थित तट मंदिर भारत का पहला हरित ऊर्जा पुरातत्व स्थल बन गया।

**नवंबर:** नवंबर माह में विराट कोहली ने एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इसी माह यूनेस्को द्वारा केरल के कोझीकोड को साहित्य का शहर और मध्य प्रदेश के ग्वालियर को संगीत का शहर घोषित किया।

**दिसंबर:**दिसंबर 2023 में अरुणाचल प्रदेश में दुनिया की सबसे ऊंची माउंटेन बाइक रेस शुरू की गई। दिसंबर में फोर्ब्स बिजनेस पत्रिका ने 2023 में दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की लिस्ट जारी की, जिसमें चार भारतीय महिलाएं भी शामिल हैं। इसी महीने यूनेस्को ने गुजरात के गरबा नृत्य को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की मान्यता दी। वर्ष 2023 के इसी आखिरी महीने में युवा चेस प्लेयर वैशाली रमेश बाबू भारत की 84वीं ग्रैंडमास्टर बन गईं। *

खेल-खिलाड़ी 2023 / साशा

## इस साल खूब चमके ये भारतीय खिलाड़ी

बीत रहा साल भारतीय खिलाड़ियों के लिए अभूतपूर्व सफलताओं और उपलब्धियों वाला रहा। इस साल कई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड्स बनाए। कुछ प्रमुख खेलों और खिलाड़ियों पर एक नजर।


विराट कोहली

इस साल आयोजित हुए आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम के हार जाने से भले एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों का सपना टूट गया हो। लेकिन इसके अलावा 2023 ऐसा साल रहा, जब अलग-अलग प्रतियोगिताओं और खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया के खेल मैदानों में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी।

**एशियन-पैरा एशियन गेम्स:** एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहला साल रहा, जब भारत के खिलाड़ियों ने 100 पदकों के आंकड़े को पार किया। इस बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जब भारतीय खिलाड़ी जा रहे थे, तो हर तरफ यही लक्ष्य गूंज रहा था, 'अबकी बार 100 के पार'। भारतीय खिलाड़ियों ने ना सिर्फ इस लक्ष्य को पार किया, बल्कि उन्होंने एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार 107 मेडल जीते, जिसमें 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 40 ब्रांज मेडल रहे। चीन के होंगझाऊ शहर में भारतीय खिलाड़ियों ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। एक तरफ जहां इस साल भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में 107 पदक जीतकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया, वहीं इन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए भारत के पैरा खिलाड़ियों ने भी पैरा एशियन गेम्स में 111 पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया।


नीरज चोपड़ा

**भाला फेंक :** जहां तक भाला फेंक खेल की बात है तो इसमें नीरज चोपड़ा ने गोल्डेन ब्वॉय के रूप में अपनी पहचान को कायम रखा। इस साल नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक प्रतियोगिता में पहली बार भारत को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल दिलाया। अब से पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने यह बड़ी उपलब्धि नहीं हासिल की थी। भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में दुनिया के सबसे चमकदार सितारे नीरज चोपड़ा पूरे साल अपनी कामयाबी और प्रतिभा की रोशनी खेल आसमान में भरपूर तरीके से बिखेरते रहे।


एच एस प्रनॉय

**रिले रेस :** वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4x400 मीटर की रिले रेस में भारतीय टीम पांचवां स्थान ही पा सकी, लेकिन 2 मिनट 59.05 सेकेंड का समय निकालकर भारतीय टीम ने एशियन रिकॉर्ड स्थापित किया।

**बैडमिंटन:** इसी साल बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन चैंपियनशिप में एच एस प्रनॉय ने ब्रांज मेडल हासिल किया, जो कि अब से पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने नहीं हासिल किया था।


आर. प्रज्ञानंद

**शतरंज:** हालांकि इस साल 18 साल के आर. प्रज्ञानंद, शतरंज विश्व कप के फाइनल में हार गए, लेकिन जिस धमाकेदार अंदाज में वह फाइनल तक पहुंचे, उससे सारे टूर्नामेंट की लाइमलाइट उन्हें मिली। उन्हें दुनिया के सबसे होनहार शतरंज खिलाड़ी के रूप में नई पहचान मिली।


हरमनप्रीत कौर

**क्रिकेट:** इस साल भारत में आयोजित हुए क्रिकेट विश्व कप में विराट ने पहले, एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर इसी विश्व कप में उन्होंने सचिन के रिकॉर्ड को पार भी किया। अब एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 शतक विराट कोहली के नाम हैं। इसी साल आईबीएसए विश्व खेल 2023 में भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को फाइनल मुकाबले में 9 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीता, तो ब्लाइंड पुरुष क्रिकेट टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल हरमनप्रीत कौर को विजडन क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर चुना गया, वह इस अवार्ड को पाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। जबकि इसी साल विजडन टी-20 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर सूर्यकुमार यादव को चुना गया, जबकि साल 2022 के लिए इसी साल रेणुका सिंह को आईसीसी इमर्जिंग वुमेन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है।


लिएंडर पेस

**फुटबॉल:** इस साल मनीषा कल्याण, एआईएफएफ महिला फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुनी गईं।

**व्यक्तिगत उपलब्धियां:** इस साल बहुत से भारतीय खिलाड़ियों को चमकदार व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल हुईं, जैसे- आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में पहली भारतीय महिला क्रिकेटर डायना इदुलजी चुनी गई हैं, तो वर्ष 2023 के लिए पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर के लिए नामांकित होने वाले नीरज चोपड़ा भारत के पहले खिलाड़ी बने हैं। अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए भारत के मशहूर टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस नामांकित होने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी हैं।

इस तरह देखें तो भारत भले अभी खेल महाशक्ति ना बना हो, लेकिन इतिहास में साल 2023 को उस टर्निंग प्वाइंट वाले साल के रूप में चिन्हित किया जाएगा, जहां से भारत ने खेलों की दुनिया की महाशक्ति बनने का सफर शुरू किया है। *

जलीय जंतु / देवेश प्रकाश

## ...ताकि विलुप्त ना हो जाए गंगा डॉल्फिन



हालांकि पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से लुप्त होती विशेष जीव प्रजातियों और बिगड़ते पारिस्थितिकी तंत्र पर चिंता जताई जा रही है। लेकिन साल 2023 में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, उनमें एक गांगेय या गंगा डॉल्फिन को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 14 अक्टूबर 2023 को इसे राज्य जलीय जंतु घोषित किया जाना भी शामिल है। गौरतलब है कि इससे पहले 18 मई 2009 को भारत सरकार ने गंगा डॉल्फिन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था।

**बहुत विशिष्ट है डॉल्फिन :** डॉल्फिन मछली नहीं बल्कि यह एक स्तनधारी जंतु है, मादा डॉल्फिन अपने बच्चे को दूसरी मादाओं की तरह दूध पिलाती है। मादा डॉल्फिन की नर डॉल्फिन से लंबाई थोड़ी अधिक होती है। डॉल्फिन की औसत उम्र करीब 28 साल तक रिकॉर्ड की गई है। गांगेय डॉल्फिन एक ऐसी लुप्तप्राय जीव प्रजाति है, जो अब भारत में सिर्फ गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों में बची है। गंगा नदी में पाई जाने वाली गांगेय डॉल्फिन एक नेत्रहीन जलीय जंतु है, जिसमें सूंघने की अपार शक्ति होती है। जन्मजात नेत्रहीन होने के कारण डॉल्फिन 'इकोलोकेशन' यानी प्रतिध्वनि निर्धारण की बदौलत पहचानकर अपने भोजन हेतु शिकार की तलाश करती है। इसे बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 'सोंस' भी कहते हैं।

**गंगा नदी की शुद्धता का संकेतक :** गंगा नदी में डॉल्फिन की मौजूदगी, उसके जल के शुद्ध और साफ होने की निशानी है। गंगा के पानी में अगर डॉल्फिन नहीं बच रही, तो इसका मतलब गंगा का पानी जलीय जीवों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसलिए इसको गंगा नदी के स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है।

**कई नदियो में था इनका निवास :** एक जमाने में गांगेय डॉल्फिन गंगा, यमुना, चंबल, घाघरा, राप्ती और गेरुआ जैसी नदियों में बहुतायत में पाई जाती थी। गंगा और उसकी सहायक नदियों की तरह ही यह ब्रह्मपुत्र-मेघना और संगु-कर्णफुली नदियों में भी पाई जाती थी। यही नहीं यह भारत, बांग्लादेश और नेपाल की तरह भारत से होकर पाकिस्तान में बहने वाली सिंधु नदी में भी बड़ी संख्या में मौजूद थी। लेकिन इसका अस्तित्व अब गंगा नदी के कुछ इलाकों में ही बचा है। एक सरकारी आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में इसकी आबादी करीब 2,000 रह गई है।

**आबादी घटने के कारण :** एक समय था जब गंगा नदी में लाखों की तादाद में डॉल्फिन हुआ करती थीं, लेकिन जैसे-जैसे गंगा में जल प्रदूषण बढ़ा, बांध बनें और तस्करों ने अपने कारोबारी फायदे के लिए इनका शिकार करना शुरू किया, तो तेजी से इनकी संख्या घटने लगी। साल 2009 में गंगा डॉल्फिन के खत्म होने से चिंतित होकर भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय जल जीव घोषित किया और इसके बाद से ही इसकी संख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है। इस समय गंगा में उत्तर प्रदेश के नरोरा और बिहार के पटना साहिब, भागलपुर के सुल्तानगंज इलाकों में ही गांगेय डाल्फिन बची हुई है।

**बचाव के उपाय:**वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) और उत्तर प्रदेश वन विभाग डॉल्फिन की आबादी पर नजर रख रहे हैं। विशेषकर उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के गढ़ गंगा क्षेत्र में डॉल्फिन के जीवन और प्रजनन पर नजरें रखी जा रही हैं। गंगा डॉल्फिन के बचाव के लिए इसी वर्ष उत्तर प्रदेश में 'मेरी गंगा-मेरी डॉल्फिन 2023' अभियान की शुरुआत की गई। इनकी सुरक्षा के लिए मुजफ्फरपुर बैराज से लेकर नरोरा बैराज तक फैली गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन की सुरक्षा और संरक्षण के विशेष उपाय भी किए गए हैं। हालांकि इससे पहले भी भारत सरकार ने 1972 के भारतीय वन्यजीव संरक्षण कानून के दायरे में गंगा डॉल्फिन को शामिल किया था। जब गंगा की सफाई के लिए मिशन क्लीन गंगा बनाया गया तो भी इसमें डॉल्फिनों को ध्यान रखा गया और इनकी वृद्धि के लिए योजना बनाई गई। *



शाहरुख खान को यों ही किंग खान नहीं कहा जाता, बढ़ती उम्र में भी उनका जलवा बरकरार है। इन दिनों वह अपनी नई फिल्म 'डंकी' को लेकर खूब चर्चा में हैं। अपनी फैमिली और फैंस को अपनी ताकत मानने वाले शाहरुख की बातें, उन्हीं की जुबानी।

## मैं मुंबई बहुत बड़े सपने लेकर नहीं आया था : शाहरुख खान

अपनी जुबानी / आरती सक्सेना

शाहरुख खान का करियर ट्रैक बहुत ही शानदार रहा है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर में उतार- चढ़ाव नहीं देखे। आर्यन के गिरफ्तारी ने उन्हें तोड़कर रख दिया था। उनकी फिल्मों को भी बीच-बीच में असफलता मिली। लेकिन शाहरुख ने इन विपरीत स्थितियों का सामना किया और जल्द ही उभर कर कामयाबी की डगर पर आ गए। करियर की नई ऊंचाइयां छुईं। इस साल 2023 में उनकी सबसे पहले 'पठान' रिलीज हुई। इसके बाद 'टाइगर-3' और 'जवान' आई। 'पठान' और 'जवान' दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। किंग खान के नाम का डंका बजा। अब शाहरुख की इस साल की आखिरी फिल्म 'डंकी' भी रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म की ओपनिंग बहुत शानदार रही है। शाहरुख को विश्वास है, यह फिल्म भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। उधर शाहरुख की बेटी सुहाना खान की भी जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से फिल्म करियर की शुरुआत हो चुकी है। अपनी बेटी सुहाना का भविष्य वह कैसा देखते हैं? बीता साल 2023 उनके लिए कैसा रहा? आने वाले नए साल 2024 को लेकर उनका क्या कहना है? करियर और पर्सनल लाइफ से जुड़ी बहुत-सी बातें शाहरुख खान ने एक मुलाकात में खुलकर कीं। पेश है ये बातें, उन्हीं की जुबानी-


फिल्म 'डंकी' में तापसी पन्नू, विक्की कौशल के साथ शाहरुख


मेरा परिवार ही है मेरी ताकत : शाहरुख खान

**मेरी हालिया रिलीज फिल्म 'डंकी':** फिल्म 'पठान', 'टाइगर-3' और 'जवान' के बाद इस साल की मेरी चौथी फिल्म 'डंकी' रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के डायरेक्टर राजू हिरानी हैं, वह एक ब्रिलिएंट डायरेक्टर हैं। मैं उनके साथ हमेशा से ही काम करना चाहता था। मेरी यह इच्छा अब फिल्म 'डंकी' के साथ पूरी हुई। इस फिल्म में मेरे साथ तापसी पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल हैं। इस फिल्म में देश के प्रति प्रेम को दर्शाया गया है। फिल्म की शूटिंग सऊदी अरब के साथ कई और कंट्रीज में हुई है। मुझे पर्सनली इस फिल्म में काम करके बहुत खुशी हुई, क्योंकि इस फिल्म में एक ऐसा संदेश है, जो हम भारतवासियों के हित में है। पूरी फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। फिल्म को शुरुआती रेस्पांस बहुत जोरदार मिला है। मुझे यकीन है, फिल्म को बड़ी सफलता मिलेगी।

**ईश्वर, कर्म और किस्मत पर भरोसा :** मैं मुंबई बहुत बड़े सपने लेकर नहीं आया था। मेरे सपने बहुत छोटे थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इंडस्ट्री में मुझे इतना सारा प्यार, नाम, शोहरत और पैसा मिलेगा। मेरा मानना है, अगर आपके कर्म अच्छे हैं तो हजारों मुश्किलों के बाद भी ईश्वर आपके लिए रास्ता निकाल देता है। अपनी मेहनत और किस्मत के साथ मुझे ईश्वर पर भरोसा है। मेरा मानना है, अगर हम ईश्वर और अपने आप पर भरोसा करते हैं तो रास्ते अपने आप बनते जाते हैं। हम यह भी जान लें कि ईश्वर का साथ ना हो तो किस्मत साथ नहीं देती है।

**मेरी ताकत, मेरा परिवार और मेरे फैंस :** एक एक्टर के लिए बहुत जरूरी है कि वह मानसिक रूप से खुश और संतुष्ट रहे। मेरे साथ ऐसा तभी होता है, जब मैं अपने पूरे परिवार को खुश देखता हूं। अगर मेरे परिवार का कोई भी मेंबर दुखी-परेशान है तो मैं अंदर से टूट जाता हूं, क्योंकि मेरा परिवार ही मेरी ताकत है, मेरी कमजोरी है। अपने परिवर के बिना मैं अधूरा हूं। मेरे प्रशंसक भी मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। आज उनके प्यार और विश्वास की वजह से ही मैं बड़ी सफलताएं पा सका हूं। मैं अपने प्रशंसकों के लिए जी-तोड़ मेहनत करने को तैयार रहता हूं, क्योंकि वे हैं तो ही मैं हूं। उनके प्यार के बिना मेरा कोई वजूद ही नहीं है। अपने मुश्किल वक्त में अपने प्रशंसकों का प्यार ही मुझे जिंदा रख पाया है। आज मैं जो कुछ भी हूं, सिर्फ और सिर्फ अपने फैंस की वजह से हूं।

**मेरे दिल के करीब है, मेरी बेटी सुहाना :** मेरी बेटी सुहाना मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने जब उसको फिल्म 'द आर्चीज' में एक्टिंग करते देखा तो बहुत खुशी हुई। मैं सिर्फ और सिर्फ उसी को देख रहा था। मुझे वह इतनी प्यारी लग रही थी कि मेरी नजर उस पर से हट ही नहीं रही थी। मुझे लगता है, सुहाना नेचुरल एक्ट्रेस है। वह आगे चल कर और अच्छी एक्टिंग कर सकती है। 'द आर्चीज' फिल्म में सुहाना बहुत ही खूबसूरत लगी है। मेरे छोटे बेटे अबराम ने भी हाल ही में अपने स्कूल फंक्शन में भाग लिया था। उसने भी बहुत अच्छा परफॉर्म किया, देखकर मेरी आंखों में आंसू आ गए।

**बीता साल और आने वाला नया साल :** 2023 मेरे लिए बहुत खास रहा, क्योंकि इस साल मेरी चार फिल्में 'टाइगर-3', 'पठान' और 'जवान' सिर्फ रिलीज ही नहीं हुईं बल्कि सुपरहिट रहीं। साल के आखिर में मेरी एक और फिल्म 'डंकी' भी रिलीज हो गई है। इसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है। 2023 मेरे लिए यादगार साल साबित रहा। जहां तक आने वाले नए साल का सवाल है तो 2024 में मैं अपने अधूरे काम पूरे करूंगा। अपने सारे प्रशंसकों को नए साल की ढेर सारी शुभकामनाएं, इस संदेश के साथ देना चाहूंगा कि कभी भी वे जीवन में हार ना मानें, क्योंकि वक्त पलटते समय नहीं लगता, अगर बुरा वक्त आता है तो अच्छा वक्त भी आता है। *